हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

कचरे को लेकर पोटियाकला में बवाल लिखित आश्वासन पर अड़े रहे वार्डवासी 14

मेयर अलका ने इंदिरा मार्केट दुर्ग की समस्याओं से हुई रूबरू, अफसरों को निदान के दिए निर्देश 14




# बॉयफ्रेंड ने कमरे में बुलाकर किया दुष्कर्म, सदमे में आकर नाबालिग ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई


स्मृतिनगर पुलिस चौकी अंतर्गत एक नाबालिग ने बीती रात फांसी लगा ली। नाबालिग ने मरने से पहले जो सुसाइड नोट में लिखा कि मैंने जो किया मानती हूं गलती मेरी है, लेकिन आदी और मेरी मर्जी से हुआ सब और उसके अलावा आज तक कभी कोई ऐसी चीज मैंने किसी के साथ नहीं की। ये कोई पहली बार नहीं था। उसके घर में मैं आती जाती थी। तब से ये सब है। 2 जून 2024 से सब चला आ रहा है। कभी जबरदस्ती तो कभी मेरी मर्जी से। सुसाइड नोट में यह भी लिखा है कि वो दोनों शादी करने वाले थे। इसके अलावा पुलिस को नाबालिग का मोबाइल भी जब्त किया है, जिसमें मिले ऑडियो के आधार पर पुलिस ने आदी को हिरासत में लिया है। ऑडियो में नाबालिग ने संबंध बनाए जाने की बात कही है। बहरहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है। राजू खान, नजरूल खान ने निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## सुसाइड नोट, मोबाइल पर मिले ऑडियो के आधार पर आरोपी युवक हिरासत में लिया गया



### पुलिस ने कहा- गैंगरेप का आरोप अफवाह

इस मामले में 17 साल की लड़की से गैंगरेप की बात भी सामने आई है। आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने पहले नाबालिग को कमरे में बुलाया। इसके बाद संपर्क बनाया, बाद में आरोपी को दोस्तों ने दुष्कर्म किया। इसके बाद सदमे में आकर नाबालिग ने घर जाकर फांसी लगा ली। पुलिस ने इस बात को अफवाह बताया है। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि मृतका और आरोपी में प्रेम संबंध था। दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके चलते ही नाबालिग ने खुदकुशी की। पुलिस को लड़की के मोबाइल में कई ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मिले हैं, जिसमें प्रेम संबंध का जिक्र है। घटना के दो दिन बाद नाबालिग ने सुसाइड किया है। इधर घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग पुलिस चौकी में जमा हुए।



### एक ही मोहल्ले में रहने की वजह से घर में था आना-जाना, दोनों में शुरू हो गया था प्रेमप्रसंग



पुलिस ने बताया कि आदी बारले और नाबालिग लड़की एक ही मोहल्ले में रहते थे, दोनों के बीच प्यार का मामला था। पिछले कई महीनों से वे एक दूसरे से फोन पर बातें करते और वॉट्सअप में चैट करते थे। धीरे-धीरे उनके बीच नजदीकियां इतनी बढ़ गईं कि आदी ने लड़की को अकेले कमरे में बुलाना शुरू कर दिया। जब नाबालिग उससे मिलने पहुंची तो उसने उसे प्यार और जीवन भर साथ देने का वादा करके उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। आदी के दोस्तों को जब यह बात पता चला तो उन लोगों ने आदी को छेड़ना शुरू कर दिया। 16 फरवरी को आदी ने लड़की को अकेले होने की बात बोलकर अपने कमरे में बुलाया और घटना को अंजाम दिया। इसके बाद 18 फरवरी की दोपहर जब घर में कोई नहीं था, तब वह पंखे से फंदा बनाकर झूल गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गैंगरेप की बात पूरी तरह अफवाह

गैंगरेप की बात अफवाह है, जो कोई भी यह बात फैला रहा है, उन पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस चौकी में हंगामे की बात भी गलत है। परिजनों ने मामले की शिकायत की है। इसके बाद पुलिस ने मामले में जांच के बाद आरोपी को हिरासत में लिया है। मामले में पूछताछ जारी है।

-राजेश मिश्रा
टीआई, सुपेला भिलाई

## खबर संक्षेप

### हावड़ा-मुंबई ट्रेन रद्द

**भिलाई।** कुंभ मेले की वजह से ट्रेनों का परिचालन में देरी होने लगी है। देरी से चलने के कारण रेलवे द्वारा 21फरवरी को हावड़ा से चले वाली 12870 हावड़ा मुंबई एक्सप्रेस और 23 फरवरी को मुंबई से चलने वाली 12869 मुंबई हावड़ा एक्सप्रेस रद्द कर दी गई है।

### नहीं मिला लोगों को पेयजल, आज भी दिक्कत



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के 66 एमएलडी जलशोधन संयंत्र के नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित उच्च स्तरीय जलागार को भरने वाली राईजिंग पाईप लाईन सुधारने का काम गुरुवार को किया गया। इस दौरान भिलाई के कई इलाकों में पेयजल की समस्या रही। पिछले दो दिनों से यह दिक्कत लोगों को उठानी पड़ रही है। 21 फरवरी को भी पेयजल की समस्या बनी रहेगी। भिलाई नगर निगम के मुताबिक यातायात पुलिस थाना नेहरू नगर के पीछे लिकेज हो गया है। जिसके संधारण हेतु 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र में शट्डाउन की आवश्यकता है। 21 फरवरी को नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर, स्मृति नगर, फरीद नगर, स्लाटर हाउस, खम्हरिया में पानी टंकी नहीं भरा जा सकेगा। इसी तरह फिल्टर प्लांट में समस्या का निदान नहीं होने से नगर निगम रिसाली क्षेत्र की पानी टंकी भी नहीं भर पा रही है। जिसकी वजह से रूआबांधा, नेवई, मरोदा, रिसाली उच्च स्तरीय जलागारों में जलप्रदाय पूर्णतः बाधित रहेगी। लीकेज संधारण का कार्य पूर्ण होने पर पूर्व की भांति पेयजल आपूर्ति चालू कर दी जायेगी। लोगों ने बताया कि पिछले दो दिनों से पेयजल की समस्या बनी हुई है। लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था निगमों द्वारा नहीं किया गया है। जिसकी वजह से लोगों को दूरदराज से पानी लाना पड़ रहा है। निस्तारी की समस्या जूझना पड़ रहा है।

## दूसरे चरण के तहत पाटन ब्लाक में संपन्न हुआ पंचायत चुनाव

# गांव सरकार के लिए 87% मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

**वोटिंग-महिला 88.24 प्रतिशत, पुरूष 85.80 प्रतिशत, कुल 87.01 प्रतिशत**

दूसरे चरण के तहत जिले में शांतिपूर्ण तरीके से पंचायत चुनाव संपन्न हो गया। सुबह सात बजे से कतारे लगनी शुरू हुई, जो दोपहर तक कतारे लंबी हो गई। महिलाओं के साथ ही पुरूषों ने वोट देने में गजब का उत्साह दिखाया। दोपहर तीन बजे के बाद भी देर रात मतदान करने की प्रक्रिया चलती रही। मतदान के बाद रात को ही मतगणना शुरू कर दिया गया था। देर रात तक 87.01 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई। दूसरे चरण का मतदान में 1 लाख 68463 मतदाता थे। 1 लाख 46573 लोगों ने मतदान किया। जिसमें पुरूष 72999 और महिला 73574 ने वोटिंग किया। जबकि 21890 वोटरों ने मतदान ही नहीं किया। देर रात मतगणना के बाद कुछ गांव के रिजल्ट सामने आते रहे। इस दौरान प्रत्याशी सहित समर्थक रंग गुलाल से सरोबार होकर जश्न में डूबे रहे। सुबह सात बजे से वोटिंग की प्रक्रिया बूथों में शुरू हो गई थी। दो घंटे बाद 14.87 फीसदी मतदान किया गया। वही 11 बजे के बाद संख्या बढ़ गई और वोटिंग 35.12 फीसदी तक पहुंच गई। वहीं दोपहर एक बजे 51.61 फीसदी मतदाताओं ने अपने मतदाधिकार का उपयोग किया। तीन बजे 78.96 फीसदी वोटिंग हुई। उल्लेखनीय है कि दूसरे चरण के लिए जिला पंचायत क्षेत्र नौ, दस, ग्यारह और बारह में मतदान हुआ। वही जनपद के 25 सीट और सरपंच का 108 और पंच के 1695 सीट में मतदान किया गया।






**पांच चरण में इस तरह वोटिंग**

| समय | पुरूष | महिला | वोटिंग प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 9 बजे | 12877 | 12170 | 14.87 फीसदी |
| 11 बजे | 26079 | 26995 | 35.12 फीसदी |
| 1 बजे | 40990 | 45961 | 51.61 फीसदी |
| 3 बजे | 59680 | 65837 | 78.96 फीसदी |
| 7 बजे | 72999 | 73574 | 87.01 फीसदी |

### दूल्हे ने भी मतदान किया

मतदान दिवस पर पाटन विकासखण्ड के ग्राम मानिकचौरी के नव विवाहित वर सगे भाई होमेन्द्र साहू और पीकू साहू ने बारात के ग्राम वापसी पश्चात लोकतंत्र में एक मतदाता के कर्त्तव्य को ध्यान में रखकर पहले ग्राम के मतदान केन्द्र क्रमांक 120 में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग की। तत्पश्चात अपनी दुल्हन को लेकर निवास गृह के लिए प्रस्थान किये।



### देर रात चलती रही मतगणना, लगी रही भीड़

मतदान की प्रक्रिया निपटने के बाद मतगणना शुरू हो गया था। यह कार्य देर रात चलती रही। इस बीच मतदान दल के कर्मियों को मतगणना कार्य में भी हाथ बंटाना पडा। मतदान के बाद गांव में परिणाम जानने ग्रामीणों के बीच हायतौबा की स्थिति निर्मित रही। बूथों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जवानों को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी।



### मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

दूसरे चरण के चुनाव में महिला, पुरूष, जवान, वृद्ध और नये मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं ने लाईन में लगकर अपनी बारी का इन्तजार के साथ उत्साहपूर्वक मतदान किये। जिला प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों में छाया, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये थे। मतदान केन्द्रो में दिव्यांग मतदाताओं के सहयोग के लिए रेडक्रॉस के वालिंटियर भी तैनात थे।

# देवेंद्र के स्वागत के लिए सज रहा सेक्टर-5 में उनका निवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



■ आज रायपुर केंद्रीय जेल से छूटते ही रैली की शक्ल में पहुंचेंगे भिलाई

भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। उनकी जमानत की खबर जैसे ही भिलाई पहुंची, उनके समर्थकों में इसे लेकर खासी खुशी है। उनके स्वागत को लेकर अलग-अलग कार्यक्रमों की तैयारी शुरू हो गई है। सेक्टर-5 स्थित निवास में जश्न की तैयारी चल रही है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में बैनर-पोस्टर टंग गए हैं। इतना ही नहीं रायपुर केंद्रीय जेल से भिलाई तक रैली निकालने की तैयारी उनकी समर्थकों ने की है। उनके जेल से छूटने के बाद आयोजन को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी की जा रही है। बता दें कि पिछले करीब 7 महीने से बलौदाबाजार हिंसा मामले में देवेंद्र यादव जेल में निरुद्ध हैं। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से उन्हें जमानत मिली है। विधि विशेषज्ञों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के दस्तावेज 21 फरवरी को बलौदाबाजार कोर्ट में पेश किए जाएंगे, जहां से उनकी रिहाई का आदेश जारी होगा। यह आदेश केंद्रीय जेल रायपुर भेजा जाएगा। इसके बाद उन्हें जेल से छोड़ा जाएगा। इसमें दोपहर तीन बजे या इससे भी ज्यादा का समय लग सकता है, लेकिन उनके समर्थकों में इसे लेकर खासा उत्साह है।


### घड़ी चौक सुपेला में किया था सुंदरकांड का पाठ



बता दें कि 19 फरवरी को देवेंद्र यादव के समर्थन में घड़ी चौक सुपेला में सुंदरकांड का पाठ किया गया था। इस दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाजपा सरकार को सदबुद्धि देने और देवेंद्र यादव की जल्दी रिहाई की मांग की गई। इसके अलावा एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आदित्य नारंग, साइंस महाविद्यालय के उपाध्यक्ष चैतन्य बंछोर, गौरव पराते, चोवाराम, लक्की सहित अन्य ने उनकी रिहाई को लेकर कामना की। भिलाई में भी उनके समर्थक लगातार उनकी रिहाई की कामना करते रहे।

# भिलाई तीन के स्टेशन मास्टर ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ खुद को कमरे में किया था बंद, बहन- मां का आरोप, हुई हत्या

स्टेशन मास्टर भिलाई तीन का शव घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी में झूलता पाया गया। मृतक पंचशील नगर निवासी मृतक टी श्याम पिता एनवी रत्नम उम्र 58 साल बताया गया है। पुलिस के मुताबिक परिजनों से विवाद के बाद मृतक ने अपने आप को कमरे में बंद कर लिया था। दोपहर को लड़के द्वारा जबरिया दरवाजा खोले जाने पर फांसी के फंदे पर झूलते हुए पाया गया। सूचना के बाद पुरानी भिलाई पुलिस के द्वारा मौका स्थल पहुंचकर बॉडी को पीएम के लिए भिजवाया गया। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।पुलिस ने बताया कि मृतक भिलाई तीन रेलवे स्टेशन में स्टेशन मास्टर थे। पीपी यार्ड के कार्य की जिम्मेदारी थी। दोपहर को सूचना मिली थी कि स्वयं को फांसी लगा लिया है। उसके बेटे ने पुलिस को बताया कि दो दिन से अपने ऊपर वाले कमरे में दरवाजा बंद कर लिया था। नाश्ता लेकर गए तो दरवाजा नहीं खोला। सुबह रेलवे कर्मी का बेटा फिर से अपने पिता के कमरे में गया। दरवाजा खटखटाया, नहीं खोला तो वो पीछे वाले दरवाजे से अंदर गया। देखा तो वह फांसी लगा लिया था। इसकी सूचना पुरानी भिलाई पुलिस को दी गई। बॉडी डीकंपोस्ट हो चुकी थी। मृतक का लेफ्ट हैंड पूर्व से फ्रैक्चर है। एक हाथ में कुछ कांच का निशान था। मृतक की बहन ने आरोप लगाया कि मृतक की हत्या की गई है। मामले में पुलिस निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध अपराध दर्ज करे। बहरहाल पुलिस की जांच जारी है।

## महाकुंभ स्पेशल ट्रेन में एसी कोच की सुविधा



**भिलाई।** रेलवे प्रशासन द्वारा कुंभ मेला जाने वाले ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 08769/08770 दुर्ग–टूंडला-दुर्ग कुंभ स्पेशल एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है । यह सुविधा गाड़ी संख्या 08769 दुर्ग–टूंडला कुम्भ स्पेशल में 21 फरवरी को तथा गाड़ी संख्या 08770 टूंडला-दुर्ग कुम्भ स्पेशल में 22 फरवरी को उपलब्ध रहेगी ।







विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर मशीन आई

## विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर मशीन आई

# पोंड मशीन से होगी जलकुंभी की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ऐतिहासिक तालाबों की सफाई के लिए नगरनिगम द्वारा प्रदेश का पहला जलकुंभी मशीन दुर्ग में लांच किया गया हैं। डेढ करोड रूपए की लागत वाली इस मशीन के जरिए पलभर में तालाब से जलकुंभी का सफाया किया जाएगा। मशीन दुर्ग में पहुंच चुका है। विधायक गजेन्द्र यादव की अगुवाई में मशीन का शुभारंभ भी किया गया। तालाबों की सफाई के लिए मशीन का उपयोग शुरू कर दिया गया हैं, जिसे देखने बडी संख्या में लोग पहुंचे थे। विधायक गजेन्द्र यादव ने इस मशीन को लेकर पूर्व में पहल की थी और राज्य शासन से खरीदी की अनुमति मांगी थी। इस मशीन के जरिए अब दुर्ग नगरनिगम के तीन दर्जन से अधिक तालाबों की जहां सफाई होगी, वहीं तालाबों का बेहतर तरीके से रखरखाव किया जाएगा। गुरूवार को कचहरी वार्ड के तालाब की सफाई की गई। अफसरों ने बताया कि, बारिश के सीजन में शिवनाथ नदी के पास इंटकवेल में कचरा फंसने से पेयजल बाधित नहीं होगी। दुर्ग निगम में पहुँचे मशीन का तालाब से जलकुम्भी निकालने मशीन का आज ट्रायल किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार और निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, नवनिर्वाचित पार्षद गुलाब वर्मा, लीलाधर पाल, देवनारायण चंद्राकर और कांशीराम कोसरे उपस्थित रहे।



### निस्तारी में होगी सुविधा, रखरखाव भी होगा

प्रायः तालाबों में जलकुंभी की वजह से निस्तारी की समस्या और अनुपयोविहित तालाब की स्थिति हो जाती है। अफसरों ने बताया कि, इस मशीन के जरिए न सिर्फ जलकुंभी की सफाई होगी। बल्कि कैचमेंट एरिया का भी उपयोग होने से जलस्तर भरकरार रखा जा सकेगा। सबसे ज्यादा जरूरी मशीन की जरूरत तब हुई जब देखा जा रहा है कि, दुर्ग निगम के इंटकवेल के पास साईफेन में जलकुम्भी फंसने से पंपहाउस से शहरवासियों को पेयजल आपूर्ति बाधित होती है। लगातार या अत्यधिक वर्षा होने अमूमन यह स्थिति हर साल होती है। शहर की इस बड़ी समस्या से जनता को निजात दिलाने विधायक गजेन्द्र यादव लगातार जुटे हुए थे। विधायक यादव ने कहा कि जलकुम्भी और पानी के ऊपरी सतह से खरपतवार निकालने आधुनिक पोंड मशीन प्रदेश के किसी निकाय में अब तक नहीं है। पहली बार दुर्ग निगम को खरीदने की अनुमति राज्य शासन से लिया गया था।

### एजेंसी ने किया हैंडओव्हर

एजेंसी द्वारा द्वारा आज मशीन दुर्ग निगम प्रशासन को हैंडओवर किया गया। इस आधुनिक मशीन से नदी तालाब के ऊपरी सतह से जलकुम्भी के साथ ही बेल्ट के माध्यम से 5 फिट गहराई तक सभी प्रकार के खरपतवार को भी आसानी से निकाला जा सकेगा। ऐसी मशीन का प्रयोग जम्मू में डल झील और हैदराबाद के हुसैन सागर जैसे नदियों में पानी को साफ रखने खरपतवार निकालने के लिए उपयोग में लाया जाता है। इसे प्रदेश का पहला मशीन बताया जा रहा है। इससे पहले रायपुर में नगरनिगम द्वारा खरीदी की प्लानिंग थी। वही जगदलपुर जिले में बीड हार्वेस्टर मशीन का उपयोग किया गया हैं।






# मां बम्लेश्वरी मंदिर में आज से उमड़ेगा आस्था का ज्वार, निकलेगी कलश यात्रा

## मंदिर के सात दिवसीय स्वर्ण प्रकटोत्सव में सतचंडी यज्ञ सहित होंगे विविध धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई के प्रसिद्ध श्री मां जगदंबा मंदिर डाक तार कालोनी सेक्टर 6 (डोंगरगढ़ वासिनी मां बम्लेश्वरी मंदिर) का सात दिवसीय 50 वां स्वर्ण प्रकटोत्सव का आयोजन 21 फरवरी से 28 फरवरी तक मंदिर में किया जा रहा है। श्रद्धा और भक्तिमय उल्लास के माहौल में आयोजित इस धार्मिक उत्सव में सतचंडी यज्ञ सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे और अंचल के श्रद्धालु उमड़ेंगे। मंदिर समिति और श्रद्धालु तैयारी में जुटे हैं। पूजन कार्य श्री शंकराचार्य के शिष्यों द्वारा संपन्न कराया जाएगा।



डाक तार कालोनी सेक्टर 6 में स्थित बम्लेश्वरी मंदिर में आयोजित सात दिवसीय स्वर्ण प्रकटोत्सव के तहत 21 फरवरी शुक्रवार को सुबह 10 बजे मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकलेगी, जो सेक्टर 6 मार्केट हनुमान मंदिर होते हुए वापस जगदंबा मंदिर में समाप्त होगी। मंदिर में गौरी गणपति पूजन, वेदी पूजन, मंडप, वरुण पूजन, गुरुदेव यादवराव जौजाड़कर व गुरुमाता शकुंतला जौजाड़कर की मूर्ति का पूजन व आचार्य पूजन बाद चंडीपाठ होगा। रात 8 बजे माता का जगराता आयोजित है। दूसरे दिन शनिवार को सुबह 10 बजे गणपति पूजन, चंडीपाठ, अग्नि स्थापना बाद हवन प्रारंभ होगा। दोपहर 3 बजे से सुंदर कांड पाठ, व्यापार वृद्धि, कोर्ट मुकदमा निवारण पूजा हवन और रात 8 बजे से गोपेश्वरी देवी का कीर्तन व प्रवचन आयोजित है। रविवार को सुबह 10 बजे से गौरी गणपति पूजन, चंडीपाठ, नवग्रह शांति और दोपहर 3 बजे से विद्या व्यापार लक्ष्मी प्राप्ति के लिए हवन और रात 8 बजे जस गीत झांकी आयोजित है। सोमवार को गौरी गणपति पूजन बाद विष्णु सहस्त्रनाम, ललिता सहस्त्र नाम पाठ व बीएसपी महिला मंडल द्वारा भक्तिमय प्रस्तुति होगी। दोपहर 3 बजे से विद्या व्यापार व लक्ष्मी प्राप्ति हवन तथा रात 8 बजे से माता बम्लेश्वरी गरबा का आयोजन होगा। 25 फरवरी मंगलवार को गौरी गणपति, वेदी पूजन और चंडीपाठ बाद दोपहर 3 बजे से दाम्पत्य जीवन सुख,समृद्धि के लिए हवन, ग्रह बाधा निवारण हवन होगा। शाम 4 बजे से सामूहिक हनुमान चालीसा, दुर्गा चालीसा व रात 8 बजे से सुमन टिकरिया पार्टी द्वारा बारामती झांकी प्रस्तुति होगी।

### 27 को महारुद्राभिषेक व पूर्णाहुति से होगा समापन

बम्लेश्वरी मंदिर में आयोजित 7 दिवसीय स्वर्ण प्रकटोत्सव के छठवें दिन 26 फरवरी बुधवार को गौरी, गणपति, वेदी पूजन व चंडीपाठ बाद दोपहर 12 बजे से देवी का अभिषेक, महारुद्राभिषेक विशेष और 4 बजे पूर्णाहुति होगी। पांच बजे उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए जाने बाद 7 बजे महाआरती होगी और रात 8 बजे से भजन गायक सुनील द्विवेदी द्वारा देवीमाता पर प्रवचन और गायन की प्रस्तुति होगी। 27 फरवरी गुरुवार को स्वर्ण प्रकटोत्सव का समापन के दिन नित्य पूजन, आरती बाद महाप्रसाद वितरण होगा। शाम 6 बजे शोभायात्रा निकलेगी और 6 बजे सुमन टिकरिया पाटी बारामति कात्रोकिंग डुरायडो ग्रुप द्वारा भक्तिमय प्रस्तुति होगी। मंदिर समिति के पुजारी दीपक जौजाड़कर ने बताया कि भव्य आयोजन की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने स्वर्ण प्रकटोत्सव में श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर पुण्यलाभ उठाने का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर में 9 यूनिट ब्लड एकत्रित

**दुर्ग।** डॉ खूबचंद बघेल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई तीन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन रक्त केंद्र जिला अस्पताल दुर्ग में किया गया। शिविर में 9 यूनिट बहुमूल्य रक्त प्राप्त किया गया। शिविर में ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार अग्रवाल, मेडिकल अधिकारी डॉ. पीयूष श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में काउंसलर टीएस एंथोनी, स्टाफ नर्स तरुणा रावत, लैब टेक्नोलॉजिस्ट रूपेश सप्रे, कॉलेज से डॉ. शैल विजय एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रबंध कारिणी सदस्य और जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, सदस्य प्रशांत डोंगावकर, सतीश सुराना की उल्लेखनीय भूमिका और सकारात्मक सहयोग रहा।

### डुन्डेरा में राज्य स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा कल

**दुर्ग।** दशहरा मैदान डुन्डेरा (उतई ) में 22 फरवरी शनिवार को रात्रि 7 बजे से राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। इसमें सामूहिक डांस प्रतियोगिता अंतर्गत प्रथम आने वाले समूह को 15000 रूपए नगद इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा द्वितीय, तृतीय, चौथा, पांचवां एवं छटवां स्थान पर आने वाले समूह को क्रमशः 10000, 7000, 5000, 3000 एवं 2000 रूपए नगद इनाम दिया जाएगा। इसमें प्रवेश शुल्क251 रुपए रखा गया है। इसी प्रकार एकल नृत्य में प्रथम छः स्थान पर आने वाले डांसर को क्रमशः8000, 500, 4000, 3000, 2000 एवं 1000 रूपए नगद इनाम दिया जाएगा इसका प्रवेश शुल्क 201 रूपए रखा गया है। वेशभूषा, अनुशासन, बेस्ट भावपक्ष एवं डांसर के लिए भी विशेष पुरस्कार की व्यवस्था रहेगी उक्त जानकारी आयोजक समिति के होमेश साहू ने दी।

### प्रायोगिक परीक्षा कल

दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में बी.ए द्वितीय एवं तृतीय वर्ष (नियमित एवं अमहाविद्यालयीन) के गृह विज्ञान की छात्राओं को सूचित किया जाता है कि गृह विज्ञान की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 22 फरवरी 2025 को आयोजित की जा रही है। जिसमें समस्त छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है। समस्त छात्राएं अपनी प्रायोगिक सामग्री के साथ प्रातः 8 बजे महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होवे।

## पुलगांव के कचरे को पोटियाकला में कर रहे थे शिफ्ट

# कचरे को लेकर पोटियाकला में बवाल लिखित आश्वासन पर अड़े रहे वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

गुरूवार को सुबह साढे नौ बजे पोटियाकला वार्ड के माता तालाब के पास उस समय बवाल हो गया। जब कचरे से भरा दर्जनभर हाईवा वार्ड में प्रवेश कर रहा था। वार्डवासियों ने हाईवा रोककर जमकर प्रदर्शन किया। वार्ड 53-54 की महिला पार्षद की अगुवाई में वार्डवासियों ने प्रदर्शन किया और कचरा डंप करने का विरोध किया।

प्रदर्शन जब तक चलता रहा जब तक अफसरों ने उन्हें लिखित आश्वासन नही दिया। पोटियाकला वार्ड में पिछले 25 साल से शहर से निकलने वाले कचरे को डंप किया जा रहा था। हांलाकि पूर्व की लीच समाप्त होने के बाद अब वार्डवासी वहां डंप यार्ड बनाने को लेकर विरोध में उतर गए हैं। नगरनिगम द्वारा पुलगांव नाले के पास कचरा डंप किया जा रहा था। यहां बदबू अधिक उठने के कारण आसपास के लोगों ने विरोध किया था। जिसके बाद गुरूवार को यहां से कचरा हाईवा में भरकर पोटियाकला ले जाया जा रहा था। लेकिन पोटियाकला के वार्डवासियों ने वहां भी कचरा खाली नही करने दिया और जमकर प्रदर्शन किया। विरोध में वार्ड 54 की पार्षद हिरौंदी चंदानिया और वार्ड 53 की पार्षद सविता साहू मौके पर थी।

**वार्डवासियों ने मांगा लिखित आश्वासन, फिर मामला शांत**



### मौके पर पहुंचे पुलिस बल और निगम आयुक्त ने भेजे अफसर

हरिभूमि सरोकार

सुबह से ही पोटियाकला वार्ड में प्रदर्शन बडा रूप ले रहा था। इससे पहले अंजोरा और पुलगांव थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए थे। वार्ड के लोगों ने आयुक्त से भी चर्चा की, जिसके बाद आयुक्त ने मौके पर भवन अनुज्ञा अधिकारी गिरिश दीवान को भेजा। जहां वार्डवासियों ने लिखित आश्वासन मांगा। अफसरों ने यहां कचरा नही डालने को लेकर लिखित आश्वासन भी दे दिया है। जिसके बाद मामला शांत हुआ हैं। वार्ड 54 की पार्षद हिरौन्दी चंदानियां ने बताया कि, पिछले 25 साल से यहां डंप का दंश झेलते रहे। अब यहां डंप यार्ड बनाने नही दिया जाएगा।

### बदबू से हो रहा दुर्ग में मेहमानों का आगमन

नगरनिगम द्वारा पिछले लंबे समय से पुलगांव नाला के पास कचरा डंप किया जा रहा हैं। यह दुर्ग शहर का प्रवेश द्वार है। यहां गुजरते हुए बदबु से लोग व्याकुल हो रहे है, वही पाश इलाका होने के कारण लोगों में कचरा डंप करने को लेकर नाराजगी हैं। मतगणना कार्य निपटने के दिन से ही रात को यहां से निगम प्रशासन द्वारा कचरा हटाने में फूर्ती दिखाई हैं। पुलगांव से कचरा हटाकर इसे गुरूवार को पोटियाकला वार्ड ले जा रहे थे। लेकिन वहां भी विरोध शुरू हो गया।

### अब तक नहीं बना वार्ड में प्लांट, हो रही परेशानी

निगम प्रशासन द्वारा पोटियाकला वार्ड के ट्रैचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन के लिए प्लांट लगाया जा रहा है। लेकिन अब तक प्लांट तैयार नही हुआ है। निगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने बताया कि, माहभर में प्लांट तैयार कर लिया जाएगा। अफसरों का कहना है कि, प्लांट लगने के बाद कचरा डंप नही होगा, बल्कि इसका निष्पादन किया जाएगा। बहरहाल कचरा शहर के अलग-अलग स्थानों और निजी जमीन पर भी गड्डो में फेंका जा रहा हैं।

# जिले के किसानों को जारी की गई धान की पूरी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग




▪ खाते में राशि जमा होने के बाद किसानों ने ली राहत की सांस

धान बेचने के बाद शेष करीब ढाई सौ करोड रूपए से अधिक की राशि जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक द्वारा किसानों के खाते में राशि जारी कर दी गई हैं। इससे पहले सभी किसानों को अंतर की राशि जारी हो चुकी थी। वहीं धान की राशि का इंतजार थे। जिसे बुधवार को जारी कर दिया गया हैं।

धान की राशि जारी होने के बाद किसानों ने राहत की सांस ली हैं। जानकारी अनुसार बेमेतरा जिले में 174416 लाख रूपए की खरीदी की गई थी, जिसमें 160450 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। इसी तरह बेमेतरा में 215605 लाख रूपए की खरीदी की गई। जिसमें 193463 लाख रूपए का ही भुगतान किया गया है। दुर्ग में 132577 लाख रूपए की खरीदी हुई थी, जिसमें भुगतान 120975 करोड का हुआ हैं। जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के सीईओ एसके जोशी ने बताया कि, सभी किसानों को उनके खाते में बुधवार को राशि जारी कर दी गई है। उन्होने बताया कि, न सिर्फ धान की राशि बल्कि अंतर की राशि भी सभी किसानों को जारी हो गया हैं।





# गोकुल नगर के लिए 42 भूखंडों की निकाली लॉटरी

**दुर्ग।** आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर गोकुल नगर में व्यवस्थापन के लिए निगम प्रशासन डेयरी संचालकों को गोकुल नगर में रिक्त 42 भूखंडों के लिए लॉटरी निकाली गई। निगम के द्वारा 71 डेयरी व्यवसायियों से आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिला शहरी विकास अभिकरण दुर्ग द्वारा अनुमोदित सूचि की लाटरी निकाली गई हैं। गोकुल नगर पुलगांव में डेयरी व्यवसायियों के लिए 80 भूखंड उपलब्ध है। जिसमे 38 भूखंड पूर्व में आबंटित है, शेष 42 भूखंडों के लिए लाटरी निकाली गई। डेयरी व्यवसायियों को आबंटन की प्रक्रिया सम्पन्न की गई। बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, शशिकांत यादव, विजयेंद्र पटेल एवं निगम क्षेत्र के डेयरी व्यवसायी उपस्थित थे।शहर के रिहायशी इलाकों में संचालित डेयरियों को स्वास्थ्य व सुरक्षा की दृष्टिकोण से बाहरी क्षेत्रों में शिफ्ट करने की मांग शहरवासी लंबे समय से कर रहे हैं।

# तिरगा के सरपंच के पक्ष में पहुंचे ग्रामीण



**दुर्ग।** तिरगा ग्राम पंचायत में विजई नवनिर्वाचित सरपंच घसियाराम देशमुख के पक्ष में सैकडों की संख्या में ग्रामीण गुरूवार को कलेक्टोरेट पहुंचे थे। इस दौरान सरपंच श्री देशमुख का कहना था कि, भूपेन्द्र बेलचंदन बच्चों के आड में राजनीतिक कर रहे हैं। उन्होने कहा कि बच्चों को वहां सहायता के लिए लगाया गया था। उन्होने बच्चों को पैसो देने के आरोप को सिरे से खारिज कर दिया। इससे पहले सरपंच पद से हारे भूपेन्द्र बेलचंदन के पक्ष में ग्रामीणों ने पैसे देकर वोट कराने की शिकायत की थी।

रायपुर के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर सेक्टर 9 हुडको में परामर्श हेतु उपलब्ध
असाध्य रोग मिटाओ
—होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान—
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
चिकित्सा एवं जांच शिविर
दिनांक : 22 फरवरी, शनिवार | सुबह 10:30 से 4 बजे तक
पता : चंद्राकर मेडिकोज, शॉप नं. 44, ए- मार्केट, (कालीबाड़ी के बाजू में) हुडको, भिलाई (छ.ग.)
किडनी एवं मूत्र रोग : पेशाब नली मे सिकुड़न (Urethral Stricture)

क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है? पेशाब नली मे सिकुड़न (Urethral Stricture), प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH), UTI बार-बार इंफेक्शन Pus Cell बनना | मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, कमजोर धार, बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होना, रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना | ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है | अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी,पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना यौन कमजोरी (इच्छा न होना) शुक्राणु की कमी Erectile Dysfunction)
गठियावात (अर्थराइटिस), न्यूरोपैथी (नशों में दर्द)

(RA Factor Positive) • युरिक एसिड का बढ़ना • लकवा • स्ट्रोक • स्लिप डिस्क • रीढ़ की हड्डी में दर्द • सयाटिका • न्यूरोपैथी (नशो में दर्द, जलन, झुनझुनी)
• L-4, L-5 नशो में दबाव के कारण अकड़न, चलने में दर्द, झुनझुनी एवं शून्यपन |
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट

ECG (हार्ट की जांच) BMI (हड्डी की जांच) मोटापे की FREE जांच
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया | एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन)
डॉ. एस. चौरसिया | एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581

## शपथ से पहले नवनिर्वाचित महापौर ने मार्केट क्षेत्र में किया औचक निरीक्षण

# मेयर अलका, इंदिरा मार्केट दुर्ग की समस्याओं से हुई रूबरू, अफसरों को निदान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नवनिर्वाचित मेयर अल्का बाघमार शपथ ग्रहण करने से पहले सक्रिय हो गई है। उन्होने गुरूवार की सुबह इंदिरा मार्केट सहित आधा दर्जन इलाको की छान मारी। इस दौरान फूटकर व्यपारियो से उन्होने चर्चा की और कमियों को दूर करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान आयुक्त भी मौजूद थे। आकस्मिक निरीक्षण गुरुवार को नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार ने कमिश्नर सुमित अग्रवाल, जनप्रतिनिधियों व अधिकारी के साथ इंदिरा मार्केट में सफाई व्यवस्था को लेकर करीब 3 घंटे पैदल घूमकर जायजा लिया। उन्होंने इंदिरा मार्केट पार्किंग से होते हुए मान होटल लाइन, जवाहर चौक, पांच कंडील, हटरी बाजार, शनिचरी बाजार से होकर इदिरा मार्केट सब्जी बाजार के अलावा प्रेस काम्प्लेक्स क्षेत्र का निरीक्षण किया। महापौर ने शनिचरी बाजार में कहा कि, सार्वजनिक शौचालय को व्यवस्थित करने के साथ साथ नियमित साफ सफाई करें। इस दौरान पार्षद श्याम शर्मा, हर्षिका संभव जैन, काशीराम कोसरे, चंद्रशेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, मनीष साहू, कमल देवांगन, गोविंद देवांगन सहित अन्य पार्षद थे।



### स्वच्छता रैंकिंग की दिलाई गई शपथ

महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि वे अपने घर व दुकानों से निकलने वाले कचरे यहां-वहां ना डालते हुए गीले एवं सूखे कचरे का स्त्रोत पर ही पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डाले। श्रीमती बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों व नागरिको के साथ स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के तहत दिलाई गई स्वच्छता की शपथ।

### शनिचरी बाजार के पास अस्थाई पार्किंग

शनिचरी बाजार में ट्रैफिक का दबाव होने के कारण वहां निगम के रिक्त जमीन पर अस्थाई पार्किंग बनाने के निर्देश दिए गए। श्रीमति अल्का ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से स्वच्छ सुंदर नगर निगम बनाने के लिए कार्य करने कहा। इंदिरा मार्केट के सब्जी बार के लोगों ने बताया कि, टीन से बारिश में पानी टपकता है। जिस पर पाइप लगाकर सामाधान करने कहा गया। वही नालियों को ढकने के बजाय यहां जाली लगाने के निर्देश दिए, ताकि सफाई किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### खपरी में सुमंत महाराज जयंती 23 को

**भिलाई।** क्षेत्रीय ग्रामीण महासभा सूत सारथी समाज जामुल द्वारा ग्राम खपरी(कुटेला) में 23 फरवरी को सुमंत महाराज जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, सरपंच भोजेश्वरी घनश्याम साहू होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष दुर्ग जिला विक्रम सेमर एवं जिला सदस्य जितेंद्र यादव करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व जिलाअध्यक्ष रायपुर दिलीप सारथी, रमेश सारथी, जिला सचिव त्रिलोक सारथी होंगे। कार्यक्रम में सुबह 10 बजे सुमंत जी महाराज की पूजा, 11 बजे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, 12 बजे अतिथियों का स्वागत, दोपहर 3 बजे भोजन व्यवस्था रखी गई है।

## निधन

### रितुराज सिंह ठाकुर



**नंदिनी अहिवारा।** नगर पंचायत अहिवारा के पूर्व उपाध्यक्ष रितुराज सिंह ठाकुर का निधन 19 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे अहिवारा मुक्तिधाम में किया गया।

### सूर्यकांत साहू



**दुर्ग।** चांदमारी डिपरापारा, दुर्ग निवासी सूर्यकांत साहू (टीकू) उम्र 26 वर्ष निधन 20 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार दुर्ग के शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे रमेश साहू के पुत्र थे।

### महेंद्र देशमुख



**अंडा।** ग्राम धरमी (कचान्दूर) निवासी महेंद्र उर्फ दौलत देशमुख उम्र 61 वर्ष का आकस्मिक निधन 19 फरवरी को हो गया। वे चितेश्वर देशमुख के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार को छोड़ गए हैं।

### मोचन प्रसाद तिवारी



**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता, बीएसपी के रिटायर कर्मचारी ब्राह्मण पारा निवासी मोचन प्रसाद तिवारी उम्र 80 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 1:30 बजे हरना बांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे अधिवक्ता आशीष तिवारी के पिता थे। मुक्तिधाम में आयोजित शोक सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, कांग्रेस नेता राजेंद्र साहू सहित अन्य ने श्रद्धांजलि दी।

### प्रमोद कुमार पांडे



**भिलाई।** बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रमोद कुमार पांडे उम्र 58 वर्ष का निधन 20 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे अपने पिता रामदत्त पांडे, पुत्र रितेश पांडे, पत्नी डॉ. नीरा पांडे, बहू अपूर्वा पांडे सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### नूनिया पात्रो



**भिलाई।** केम्प 2, वार्ड 34 निवासी नूनिया पात्रो उम्र 65 वर्ष का निधन 20 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार राम नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे राजेश पात्रो की मौसी, रूपेंद्र की नानी व अनिल, देवा पात्रो की दादी थीं।

### प्रकाशनाथ शर्मा



**भिलाई।** बीएसपी सेवानिवृत्त कर्मी प्रकाशनाथ शर्मा का निधन 20 फरवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास सेक्टर 1 सड़क 8 क्वार्टर न. 13 डी, भिलाई से 21 फरवरी को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे डॉ शिशिर प्रकाश शर्मा, पीयूष प्रकाश शर्मा व गुंजन शर्मा के पिता थे।

## दो सौ करोड़ के घोटाले का अंदेशा, पीड़ित कार्मिकों को न्याय दिलाने की मांग

# सेल एम्प. कोआपरेटिव क्रेडिट सोसायटी में करोड़ों की वित्तीय अनियमितताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल एम्पलाइज कोआपरेटिव्ह क्रेडिट सोसायटी कोलकाता में करोड़ों के वित्तीय अनियमितताओं का मामला उजागर हुआ है। दो सौ करोड़ के इस घोटाले से सेल के वर्तमान और पूर्व 2 हजार कार्मिक प्रभावित हुए हैं। सेफी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,गृह मंत्री और रजिस्ट्रार तथा अपर सचिव को पत्र लिखकर इस मामले की शिकायत कर पीड़ित कार्मियों को न्याय दिलाने का आग्रह किया है।

स्टील एग्जीक्यूटिव फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (सेफी) के चेयरमैन तथा बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर के नेतृत्व में सेफी के वाइस प्रेसिडेंट तथा सीएमओ के एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने सेल एम्पलाइज कॉपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी, कोलकाता में हुए लगभग 200 करोड़ रुपए के वित्तीय अनियमितताओं के अंदेशा का तथा प्रशासनिक गड़बड़ियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए केंद्रीय सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) तथा अपर सचिव रवींद्र कुमार अग्रवाल से मिलकर उच्च स्तर पर आवाज बुलंद की थी। सेफी अध्यक्ष एनके बंछोर ने बताया कि सेल एम्पलाइज कॉपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी, कोलकाता" में लगभग 2000 सेल के वर्तमान व पूर्व कार्मिक सदस्य हैं, जिसमें मुख्यतः सीएमओ, कोलकाता तथा सेल कॉरपोरेट ऑफिस के कार्मिक शामिल है। इस संस्था में हुए वित्तीय अनियमितताओं तथा प्रशासनिक गड़बड़ियों के चलते सेल के 2000 वर्तमान व पूर्व कार्मिक प्रभावित हुए हैं। इसके समाधान के लिए सेफी ने पीएम को पत्र लिखकर इन मुद्दों को शीघ्र हल कर पीड़ित कार्मिकों को न्याय दिलाने का आग्रह किया है।

**खास बातें**

- सेफी अध्यक्ष बंछोर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने पीएम और गृहमंत्री से की शिकायत
- दो हजार कार्मिक हुए प्रभावित, अटकी राशि
- रजिस्ट्रार व अपर सचिव से जांच की मांग

### सदस्यों के पुनर्भुगतान में हो रही देरी: सेफी अध्यक्ष बंछोर

सेफी ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को भी पत्र लिखकर इसके समाधान के लिए आवश्यक हस्तक्षेप करने की अपील की है। सेफी व ओए बीएसपी अध्यक्ष एनके बंछोर ने बताया कि सोसाइटी कोलकाता" में भारी वित्तीय अनियमितताओं तथा प्रशासनिक गड़बड़ियों के चलते यह संस्था पिछले 12 महीनों में गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक संकट में फंस चुकी है। गड़बड़ियों के चलते सदस्यों के लगभग 200 करोड़ रूप अटक गए हैं, जिससे सदस्यों को बकाया राशि के पुनर्भुगतान में देरी हो रही है। समिति के निर्वाचित बोर्ड का कार्यकाल 30 सितंबर 2024 को समाप्त हो गया है परंतु यह समिति आज भी इस पर काबिज है,अब तक इसका चुनाव नहीं कराया गया है।

### उच्च प्रबंधन से अंशदान और लोन जमा करने पर रोक लगाने की मांग

सेफी ने भारत सरकार से "सेल एम्पलाइज कॉपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी, कोलकाता" का 30 दिनों के भीतर चुनाव करवाने आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है, जिससे कि इसके प्रबंधन में पारदर्शिता व सुधार लाया जा सके और इस संकट से उबरा जा सके। सेफी ने सेल के उच्च प्रबंधन से मांग की है कि जब तक समिति के अनियमितताओं का समाधान नहीं हो जाता और नए चुनाव नहीं हो जाते तब तक समिति के सदस्यों से की जा रही अंशदान एवं ऋण की कटौती को इस सहकारी समिति के पास जमा न कराया जाए। सेफी के चेयरमैन एनके बंछोर के नेतृत्व में सेफी प्रतिनिधि मंडल में शामिल नरेंद्र सिंह, संजय आर्या तथा आर सतीश कुमार ने केंद्रीय सहकारी समितियों के उपायुक्त जितेंद्र नागर से मंत्रालय में जाकर मुलाकात की और इन मुद्दों को हल करने का अनुरोध किया।

# शिवाजी महाराज के जीवन से हमें राष्ट्र के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती है: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत झोला में कुर्मी क्षत्रिय समाज एवं ग्रामवासियों के द्वारा आयोजित हिन्दू हृदय सम्राट धर्म रक्षक छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्म जयंती मनाई गई। वहीं शिवाजी महाराज के मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शीतला चौक पर मूर्ति स्थापना किया गया और पुष्पांजलि अर्पित कर हृदय से नमन किया और उनके द्वारा किए गए देश के लिए योगदान को याद किया और सभी क्षेत्रवासियों को इस पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया।

- ग्राम झोला में कुर्मी क्षत्रिय समाज एवं ग्रामवासियों ने शिवाजी महाराज की जयंती मनाई

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वीर शिवाजी महाराज केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी शासक, उत्कृष्ट रणनीतिकार और कुशल प्रशासक भी थे। उन्होंने अपनी नीतियों, अनुशासित सेना और संगठित प्रशासनिक व्यवस्था के माध्यम से शक्तिशाली और आत्मनिर्भर राज्य की नींव रखी। आगे श्री चंद्राकर ने कहा कि हिंद स्वराज की परिकल्पना करने वाले महान राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा, छत्रपति शिवाजी महाराज का शौर्य एवं राष्ट्रप्रेम आज भी अनगिनत लोगों को प्रेरित करता है। उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और सूझबूझ से विपरीत परिस्थितियों में भी अद्वितीय विजय प्राप्त की। उनकी रणनीति, सुशासन और लोकहितकारी नीतियाँ सदियों तक प्रेरणा स्रोत बनी रहेंगी। छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन साहस, संकल्प और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उनकी अमर गाथा भारत के युवाओं में राष्ट्रप्रेम और अदम्य उत्साह की भावना जागृत करती रहेगी। शिवाजी महाराज के जीवन से हमें राष्ट्र के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। ऐसे राष्ट्र पुरुषों के कारण भारत की संस्कृति और धरोहर संरक्षित और सुरक्षित रहे हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी आशा विक्की मिश्रा, सरपंच बसंती निषाद, पूर्व सरपंच गोपेंद्र बेलचंदन, पूर्व सरपंच धीरपाल देशलहरे, पंच भक्तराम यादव, पवन दिल्लीवार, अशोक देशमुख, यशवंत देशमुख, लिलेश्वरी निषाद, उषा निषाद, गायत्री निषाद, पुनीता साहू, ग्राम प्रधान रोहन देशमुख, विधायक प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश बेलचन्दन, अश्वनी अमृत, दुखीत देशमुख, जैन देशमुख, कौशल निषाद, मनीष बेलचंदन, गोविंदा बेलचंदन, भूपेश देशमुख, गुलाब बेलचंदन आदि उपस्थित थे।



### मनीष ने किया पहले मतदान फिर निकली बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पहले मतदान फिर विवाह का नजारा देखा गया। परिणय दहलीज पर पैर रखने से पहले मनीष कुमार साहू ने गातापार मतदान केंद्र में जाकर पहले मतदान किया और फिर बारात लेकर निकल पड़े। इस अवसर पर मतदान केंद्र में भाजपा जामगांव आर मंडल निवर्तमान अध्यक्ष लालेश्वर साहू सहित मतदान केंद्र सहयोगी उपस्थित रहे। लोकतंत्र में युवा की इस सोच ने सबका दिल जीत लिया सबने दी उज्वल भविष्य की मंगल कामना के साथ बधाई दिए।

निवर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि मनीष कुमार का पहले मतदान फिर परिणय बारात परिवार की संस्कार देश प्रेम को जग जाहिर करता है। घर में रहकर भी वोट नहीं डालने वालों के लिए इस युवा ने सीख दिया है प्रत्येक देशवासी मतदान कर देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में इस युवा की तरह चुस्त दुरुस्त भूमिका निभाए।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव: जामगांव आर में 87.46 प्रतिशत हुआ मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 20 फरवरी के तारतम्य में ग्रामपंचायत जामगांव आर के 1524 मतदाताओं में 1333 मतदाताओं के मतदान करने की खबर मिली। सुबह 7 बजे प्रारंभ मतदान शाम 5 बजे के बाद भी चलती रही। समय सीमा 3 बजे समाप्त होने के बाद गेट बंद कर टोकन का वितरण पीठासीन अधिकारी ने किया। बड़े शांति पूर्ण मतदान कराने में जामगांव आर की भाईचारा संस्कृति के अनुरूप मतदान कराने सभी प्रत्याशियों ने अपना सराहनीय योगदान दिया। इस चुनाव में मतदान केंद्र पर सुबह से शाम तक मतदाताओं की भारी भीड़ लगी रही। मतदान शांति पूर्ण हुआ। उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पिछले एक हफ्ते से गांवों में सियासी गरमाहट तेज थी। मतदान को लेकर सभी वर्गों में उत्साह था।

# खेल और खिलाड़ियों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए बेहतर आहार है अनिवार्य : प्राचार्य डॉ. गुरवारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में क्रीड़ा विभाग के तत्वावधान में एकदिवसीय वार्षिक खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा, वरिष्ठ प्राध्यापक बीएम साहू, डॉ. आरके वर्मा, डॉ. साधना राहटगांवकर, शैलेष मिश्र के आतिथ्य में ज्ञान दायिनी माँ सरस्वती की पूजा कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्बोधन की कड़ी मे क्रीड़ा प्रभारी जितेंद्र कुमार मंडावी ने क्रीड़ा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष सेक्टर स्तर पर 80 से अधिक खिलाड़ियों ने 15 से ज्यादा खेल विधाओं में भाग लिए जिसमें 4 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता व 7 खिलाड़ी अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। अंतर्महाविद्यालयीन वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में पाटन महाविद्यालय ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया जिसमें पाटन कॉलेज के महिला लिफ्टर मौसमी और शिवानी ने आल इण्डिया प्रतियोगिता में अपने जौहर दिखाएंगे। जितेंद्र मण्डावी ने आगे कहा कि वार्षिक खेल स्पर्धा मे मनोरंजनात्मक व रचनात्मक खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास रहता है और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल आवश्यक है और खिलाड़ियों के लिए अच्छा आहार अनिवार्य है। खेल से अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं, खेल कैरियर निर्माण में बहुत लाभप्रद है। उपलब्धियों के लिए क्रीड़ा विभाग को वार्षिक खेल स्पर्धा के सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। उद्बोधन पश्चात वार्षिक खेल स्पर्धा का प्रारंभ स्लो सायकल रेस गर्ल्स प्रतियोगिता को प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने के लिए महाविद्यालय स्तर पर समितियां बनाई गई थी। डीके भारद्वाज, डॉ. गौरव शर्मा, प्रवीन जैन, रागिनी साहू, अराधना दुबे, अभिषेक वर्मा, मनमोहन साहू, मनोज साहू, अंकित वर्मा, निधि यादव, किरण बंछोर, तुषार निषाद, प्रीति यादव, प्राध्यापको ने प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में सराहनीय योगदान रहा। प्रतियोगिता के परिणाम में स्लो सायकल रेस गर्ल्स वर्ग में प्रथम नोमेश्वरी सिन्हा समाजकार्य द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय गुंजा निषाद बीए द्वितीय वर्ष, बॉयज वर्ग मे गुलशन कुमार बीए अंतिम वर्ष, द्वितीय प्रियांशु नाग बीए द्वितीय वर्ष रही।

- पाटन कॉलेज में वार्षिक खेल स्पर्धा आयोजित

# भाजपा समर्थित सरस्वती को मिल रहा जनसमर्थन



**भिलाई।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 भाजपा समर्थित प्रत्याशी सरस्वती बंजारे के पक्ष में स्वयं सरस्वती बंजारे प्रत्येक घर मे जनसंपर्क कर प्रधानमंत्री मोदी और विष्णुदेव सरकार का जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के परिवार को जो लाभ मिल रहा है इसके विषय मे विस्तार से चर्चा किया गया। एक युवा महिला के प्रत्याशी बनने से सभी महिलाओं में सरस्वती बंजारे के प्रति रुझान और भी बढ़ गई है। सरस्वती बंजारे ने कहा कि गांव के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। मजदूर एवं किसानों के हित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## अंचल की खबरें

### दो निर्दलीय प्रत्याशी कांग्रेस में हुए शामिल



**उतई।** नगर पंचायत उतई में नवनिर्वाचित चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात कुछ ही दिनों में कांग्रेस पार्टी के रीति नीति से प्रभावित होकर वार्ड क्रमांक 6 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रहे रुस्तम नारंग ने भाजपा से बागी होकर अपने परिवार व अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया है। साथ ही साथ उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में गुरुवार को वार्ड क्रमांक 2 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रही अलका रावत एवं उनके परिवार ने भी कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया है। इस कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बहादुर नेताम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, नेवई के वार्ड 34 के उपचुनाव में जीते हुए पार्षद राहुल राय, वार्ड 1 के नवनिर्वाचित पार्षद रमशिला धनंजय नेताम, वार्ड 3 के नवनिर्वाचित पार्षद राकेश साहू, वार्ड 9 के नवनिर्वाचित पार्षद द्वारिका साहू, पूर्व पार्षद डॉ. प्रह्लाद वर्मा, पूर्व पार्षद संजय गिरी गोस्वामी, वीरेंद्र गोस्वामी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि भावेश साहू, पूर्व एल्डरमेन प्रेम नारायण साहू, रमवती टंडन, आशीष रावत, योगेश मांडले, रविशंकर ऑथोडे, गुलशन शर्मा, शुभम बमभोले, चंद्रकांत पटेल, तोरण ठाकुर, मुकेश साहू, रमेश साहू, अनुप साहू, कमल, तोमन, गौरव शर्मा, सुप्रियो विश्वास सहित आदि उपस्थित थे।

### भोथली से पहली बार जनपद सदस्य बनी दामिनी



**निकुम।** दुर्ग जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 से ग्राम भोथली से प्रत्याशी दामिनी साहू ने 373 मतों से जीतकर जनपद सदस्य बनने से ग्रामीणों में पहली बार इस भोथली से जनपद सदस्य बनने पर खुशी जताई है। गौर हो कि इस क्षेत्र अंतगर्त रुदा, खाड़ा, तिरगा, झोला, भोथली ग्राम आते हैं, वहीं इस गांवों में आभार रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। बाजे गाजे के साथ विजय जुलुस में जनपद सदस्य दामिनी साहू ने ग्राम के मंदिरों व क्षेत्र के जनता का आशीर्वाद लेते हुए कहा कि क्षेत्र का बहुमुखी विकास हो इसी संकल्प के साथ काम करेंगें। वही इस अवसर पूर्व सरपंच भोथली रमेश साहू , मुकेष साहू वही रुदा के सरंपच नंदकुमार साहू,तिरगा से वरि"ठ बाबूलाल दाउ,गोपेन्द्र बेलचंदन झोला सहित गांव गांव में जमकर स्वागत किया।

### अतुल ने कैबिनेट मंत्री परवेश से की मुलाकात



**भिलाई।** भिलाई केन्द्र, पर्वत फाउंडेशन के अध्यक्ष व प्रदेश भाजपा नेता अतुल पर्वत ने दिल्ली के नव नियुक्त कैबिनेट मंत्री परवेश साहिब सिंह वर्मा को उनके दिल्ली निवास पहुंचकर बधाई दी। अतुल पर्वत ने कहा परवेश के नेतृत्व में दिल्ली के विकास को गति और जनता को नया विकसित दिल्ली मिलेगा। साथ ही अनुभव और जनता की जन सेवा के प्रति समर्पण लाभकारी सिद्ध होगा। वहीं अतुल ने भिलाई की जनता की तरफ़ से बधाई दिए।

### नपा अध्यक्ष ने विकास कार्यों के लिए किया भूमिपूजन



**जामुल।** नगर पालिका परिषद जामुल में विकास कार्यों का गति काफी तेजी से चल रहा है। इसी तारतम्य में वार्ड क्र. 4 एवं वार्ड क्र. 5 में 21 लाख रूपये की लागत से नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने विकास कार्य प्रारंभ करवाया। गौरतलब हो कि नगर पालिका जामुल में लगभग विभिन्न वार्डों में हर प्रकार के कार्य हो रहे हैं। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि सभी प्रकार से प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति पश्चात हमारे नगर पालिका जामुल में सभी जनप्रतिनिधि गण एवं आम जनता के आवश्यकतानुसार कार्य हो रहे हैं। जो कार्य प्रारंभ हुआ उसमें वार्ड क्र. 4 में सीमेंटीकरण चार लाख रूपये के लागत से एवं वार्ड क्र. 5 में सत्रह लाल पचास हजार रूपये के लागत से नाला निर्माण होगा। उक्त कार्य प्रारंभ होने के समय पार्षद दीपक गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमन्त देवांगन सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### चंदखुरी में शिवपुराण कथा का आयोजन



**अंडा।** ग्राम चंदखुरी सड़क पारा मे प्रथम वर्ष जागृति महिला समिति एवं ग्रामवासी के द्वारा शिवपुराण कथा का आयोजन किया गया है। शिव शंकर भगवान का वर्णन कथा के माध्यम से कथावाचक महाराज कृष्ण कुमार शर्मा आमटी वाले के द्वारा श्रद्धालुओं एवं श्रोताओं को श्रवण कर मंत्रमुग्ध करा रहे हैं। महिलाओं में उत्साह दिखाई दे रही है मानो साक्षात भगवान शिव शंकर धरती पर प्रकट हो गए हो। कार्यक्रम शिवमहापुराण कथा को सफल बनाने में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान दिख रही है। कार्यक्रम की जानकारी समिति के सदस्य भूपेन्द्र साहू एवं प्रेमलाल साहू ने दी है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


21
फरवरी
छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र, लोकप्रिय, यशस्वी मुख्यमंत्री
मान. श्री विष्णुदेव साय जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं

## लाइव इवेंट

### रामनगर उरला में रामकथा 23 से पहले दिन निकलेगी कलश यात्रा



**दुर्ग।** शहर के रामनगर उरला में रामकथा अमृतवर्षा का आयोजन 23 फरवरी से 3 मार्च तक किया गया है। मंदिर के कार्यकर्ता जीवनलाल चंद्राकर ने बताया कि समस्त मोहल्लावासी के सहयोग से श्री सिद्धेश्वर धाम मंदिर प्रांगण रामनगर उरला में रुद्रावतार हनुमान की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्राणप्रतिष्ठा के अवसर मे नवदिवसीय सार्वजनिक संगीतमय रामकथा अमृतवर्षा का आयोजन किया गया है।

रामकथा अमृतवर्षा में कथावाचक के रूप में चित्रकूट धाम उत्तरप्रदेश के व्यासपीठासीन पंडित भरत महाराज द्वारा कथावाचन किया जाएगा। इसमें 23 फरवरी रविवार को कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ होगी। इसके अलावा 24 फरवरी शिवचरित्र, 25 फरवरी मां पार्वती जन्म, 26 फरवरी शिव पार्वती विवाह, 27 फरवरी राम जन्म, 28 फरवरी सीताराम विवाह, 1 मार्च भरत चरित्र, 2 मार्च हनुमंत चरित्र, चढ़ोत्री और 3 मार्च को नवदिवसीय सार्वजनिक संगीतमय रामकथा का समापन हवन पूर्णाहुति सहस्त्रधारा कथा का विराम, महाप्रसादी वितरण के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में पूरे शहर को आमंत्रित किया गया है।

## सिटी इवेंट

### बेस्ट स्वच्छता अवार्ड के लिए अभियान की जा रही रेड व यलो स्पॉट की मार्किंग




**भिलाई।** पूरे भारत देश में स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने आने वाली है। उनके द्वारा स्वच्छता रैकिंग का मानिटरिंग कर बेस्ट स्वच्छता राज्य का अवार्ड दिया जाएगा। इसे देखते हुए भिलाई निगम ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है। पांचो जोन क्षेत्र में प्रतिदिन साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त राजीव पाण्डेय के साथ-साथ मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्रों में सुबह जाकर साफ-सफाई को व्यवस्थित करने का कार्य कर रही है। इससे भिलाई शहर को नम्बर-1 स्वच्छ शहर का अवार्ड मिल सके। आयुक्त पाण्डेय के निर्देश पर सभी अधिकारी फील्ड में जाकर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। इसमें सड़क, रोड, तालाब, उद्यान, शौचालय एवं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण इत्यादि कार्य शामिल हैं। साथ ही दीवारों पर वाल पेटिंग के माध्यम से शहर को स्वच्छ रखने नागरिकों को जागरूक जा रहा है। नागरिकों से अपील की जा रही है इधर-उधर खुले में कचरा न फेंकें। गीला एवं सूखा कचरा सफाई कर्मचारी को अलग-अलग दें। रेड एवं यलो स्पाट को मार्किंग की जा रही है।

### आंजने धाम में प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली कलश यात्रा, बेदी पूजन के साथ जलाधिवास



**भिलाई।** हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र स्थित लाल पानी टंकी परिसर में आंजने धाम में भगवान की प्राणप्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को स्थापना और भोग वितरण का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा, बेदी पूजन, भगवान का जलाधिवास, अन्नाधिवाश, शर्करा, फलआदि के बाद पूजन अब प्रतिष्ठा व भोग वितरण होगा। आयोजन कॉलोनी के लोगों के साथ पीयूष मिश्रा द्वारा कराया जा रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हो रहे हैं। कलश यात्रा ने गुरुवार को नगर भ्रमण कियाा। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर विधि विधान से अन्य कार्यक्रम हुए।।

---

**कैंसर की रोकथाम और प्रारंभिक पहचान के लिए सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट का व्याख्यान**

# देश में 2020 के बाद से अब तक 12% से ज्यादा कैंसर मरीज बढ़े आंकड़ा 15 लाख के पार, इनमें सबसे ज्यादा 27% तंबाकू से जुड़े

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ सहित भारत में अगले कैंसर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। 2020 से लेकर दिसंबर 2024 तक 12% से ज्यादा मामले बढ़े हैं। 2020 में जहां देश में कैंसर के 13.90 लाख मरीज थे। वही 2024 के अंत तय यह संख्या बढ़कर 15 लाख के पार पहुंच गई है। इसमें भी सबसे ज्यादा 27 प्रतिशत मामले में तंबाकू के सेवन की वजह से सामने आए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2020 तक पुरुषों में 6.8 लाख और 2024 तक 7 लाख मरीज मिल चुके हैं। वहीं महिलाओं की बात करें तो 2020 में 7.1 लाख और 2024 तक 8 लाख केस मिले हैं।

**भिलाई- कुम्हारी।** कैंसर को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने और इसके रोकथाम एवं प्रारंभिक पहचान पर साक्षात्कार प्रदान करने के लिए कैंसर मिथक बनाम तथ्य - रोकथाम और प्रारंभिक पहचान का सत्य विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। यह प्रोग्राम डॉ. सौरभ जैन, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल द्वारा आयोजित किया गया। डॉ. जैन ने इस प्रोग्राम में कैंसर की प्रारंभिक पहचान और रोकथाम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित स्क्रीनिंग जैसे कि मेमोग्राम, पैप स्मीयर और कोलोनोस्कोपी कैंसर का प्रारंभिक और अधिक उपचार योग्य चरण में पता लगाने में सहायक हो सकते हैं। इसके अलावा, कैंसर की शुरुआती चेतावनी संकेतों जैसे कि असामान्य गांठें, थकान, या अज्ञात वजन कम होने के मामलों में चिकित्सा सहायता लेने की सलाह दी गई। महिला और पुरुषों के लिए विशेष कैंसर और स्क्रीनिंग पर जोर दिया गया। महिलाओं को नियमित रूप से स्तन और गर्भाशय के कैंसर की स्क्रीनिंग करने की सलाह दी गई, जबकि पुरुषों को प्रोस्टेट कैंसर के जोखिम से अवगत कराया गया। साथ ही, एचपीवी से संबंधित कैंसर के बढ़ते मामलों पर भी चर्चा की गई और एचपीवी टीकाकरण की अहमियत बताई गई। डॉ. जैन ने कहा कि कैंसर के मिथक मानसिक दबाव, भय और चिंताओं को बढ़ा सकते हैं, जिससे लोग जरूरी स्क्रीनिंग से बचते हैं। उन्होंने कहा कि कैंसर का निदान हमेशा घातक नहीं होता और सही समय पर पहचान से जीवन को बचाया जा सकता है। आयोजित व्याख्यान में एसआरआईपी कुम्हारी कैंपस की डॉ. प्रीति गुर्नानी (निर्देशक) और डॉ. एस प्रकाश राव (प्रधानाचार्य) भी मौजूद थे। आयोजन प्रतिभा साहू, अंचल वर्मा और दीपिका साहू के सहयोग से संभव हो पाया।




**हैदराबाद में ब्रेस्ट कैंसर सबसे ज्यादा, सर्वाकल के मामले अरुणाचल में**

रिपोर्ट में कई चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। लंग्स कैंसर के सबसे ज्यादा मामले मिजोरम के आइजोल में मिले हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों में यह कैंसर ज्यादा है। इसका कारण तंबाकू का सेवन या सिगरेट पीना बताया गया है। इसी प्रकार हैदराबाद में ब्रेस्ट कैंसर के मामले ज्यादा है। प्रति एक लाख में 48 लोग इस बीमारी से ग्रसित हैं। सर्वाकिल के मामले अरुणाचल प्रदेश के पापुमपरे में ज्यादा हैं।एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर दिन टोबैको कैंसर से 3500 लोगों की मौत हो रही है। 2018 में इस कैंसर से करीब 3 लाख लोगों की जान गई थी। लंग कैंसर, माउथ कैंसर, स्टमक और इसोफेगस कैंसर पुरुषों में कॉमन है,




जबकि महिलाओं में ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर समान्य हैं।

### 2018 में सबसे ज्यादा 7.40 लाख लोगों ने कैंसर से जान गंवाई

इंडिया अगेंस्ट कैंसर के डेटा के मुताबिक 2018 में कैंसर से 7.4 लाख लोगों की जान गई है। इसमें 4.1 लाख पुरुष और 3.7 लाख महिलाएं शामिल हैं। 75 साल से कम उम्र में कैंसर से मरने वालों में 7 फीसदी पुरुष और 6 फीसदी महिलाएं शामिल हैं। हर 8 मिनट में भारत में सर्वाइकल कैंसर से एक महिला की मौत होती है। जबकि, ब्रेस्ट कैंसर वाली हर दो महिला में से एक की मौत होती है। कैंसर इंडिया डॉट ओआरजी की रिपोर्ट बताती है कि कैंसर से मरने वाले पुरुषों में 25 फीसदी की मौत ओरल कैविटी और लंग कैंसर से होती है, जबकि महिलाओं में 25 फीसदी मौत ब्रेस्ट कैंसर और ओरल कैविटी से होती है। जर्नल ऑफ ग्लोबल ऑन्कोलॉजी 2017 के मुताबिक भारत में कैंसर से मरने वालों की दर विकसित देशों से लगभग दोगुनी है। भारत में हर 10 कैंसर मरीजों में से 7 की मौत हो जाती है, जबकि विकसित देशों में यह संख्या 3 या 4 है। भारत में 2000 कैंसर मरीजों पर महज एक डॉक्टर है। अमेरिका में 100 पर एक, यानी भारत से 20 गुना बेहतर हालात हैं।

---

# आंगनबाड़ी और सरकारी स्कूलों के बच्चों को पठन सामग्री का वितरण

**भिलाई।** एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने अनोखी पहल की है। उन्होंने आंगनबाड़ी और सरकारी स्कूलों के छोटे बच्चों को पठन सामग्री वितरित की। साथ ही उनके साथ समय बिताया। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों को पाठ्य सामग्री एवं खाद्य सामग्री बांटे। इसमें बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, बिस्किट, चॉकलेट, मिष्ठान, फल तथा मिक्सचर इत्यादि का वितरण किया गया। बच्चों के चेहरे पर उत्साह और उमंग देखकर बहुत सकून की प्राप्ति हुई। इस अवसर पर आंगनवाड़ी के बच्चों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दी। कार्यकर्ता स्कूलों में भी जहां, जहां कॉपी, पेंसिल से लेकर अन्य जरूरत के सामान बांटे गए। इस अवसर पर एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आदित्य नारंग, साइंस महाविद्यालय के उपाध्यक्ष चैतन्य बंछोर, गौरव पराते, चोवाराम, लक्की सहित अन्य मौजूद थे।




## जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम वे बोर्ड एग्जाम में नहीं बैठ पाएंगे

**भिलाई।** इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल ने एक नई व्यवस्था के तहत अपात्र विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने से पहले ही रोक दिया जाएगा। इतना ही नहीं वे अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड ही नहीं कर पाएंगे। पहले कई बार ऐसे मामले सामने आते थे,

- माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किया आदेश, सख्ती से पालन के निर्देश

जहां अपात्र विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो जाते थे, लेकिन अब यह संभव नहीं होगा। अपात्र विद्यार्थियों में वे छात्र शामिल हैं जिनकी कक्षा में उपस्थिति 75% से कम है। इसके अलावा, अनुशासनहीनता, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नामांकन, या अन्य अनियमितताओं में संलिप्त छात्रों को भी अपात्र घोषित किया जाता है।



मंडल की इस नीति का उद्देश्य योग्य छात्रों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर देना है। इससे न केवल शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी, बल्कि छात्रों को नियमित उपस्थिति और अनुशासन का महत्व भी समझ में आएगा। बता दें कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं 1 मार्च से प्रारंभ होंगी, जिसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस बार संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों पर उड़नदस्ता टीम को विशेष रूप से तैनात किया जाएगा। इस वर्ष लगभग 2500 परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं।

---

**साइंस कॉलेज में रूसा योजना अंतर्गत हिंदी पर कार्यशाला का आयोजन**

कार्नर न्यूज

# करियर काउंसिलिंग: हिंदी सरल और आसानी से समझ आने वाली भाषा, जो दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा

**दुर्ग।** साइंस कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा रूसा योजना अंतर्गत करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि ... हमारे विचारों की संवाहक है। वर्तमान में हिंदी ...जगार की संभावनाएं अधिक हैं। इसलिए हिंदी ... उपयोग बढ़ा है। इतना ही नहीं सामान्य ज्ञान की सबसे ज्यादा किताबें भी हिंदी में ही उपलब्ध है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम ही नहीं बल्कि अभिव्यक्ति का भी सशक्त माध्यम है। हिंदी भाषा जीवंत है, वह हमारे ह्रदय से जुड़ी हुई है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता काउंसलर और डीयू के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप ने हिन्दी सरोकार, विस्तार, रोजगार विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। इसे हम केवल लिखते ही नहीं जीते भी हैं। वर्तमान में हिंदी विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है।



### हिंदी पर वक्ताओं ने रखे विचार, कहा-दुनिया में डंका बच रहा

इस अवसर पर कई वक्ताओं ने हिंदी पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि हिंदी का डंका आज पूरी दुनिया में बज रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ट प्राध्यापक डॉ. शकील, डॉ. प्रदीप जांगड़े, डॉ. लाली शर्मा, प्रो. जैनेन्द्र दीवान, डॉ. ओमकुमारी देवांगन, डॉ. रमणी चंद्राकर, डॉ. शारदा सिंह, डॉ. लता गोस्वामी, नूतन देशमुख, डॉ.कुंदन जांगडे, प्रिया अग्रवाल, डॉ.गोविंद गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रजनीश उमरे ने किया।

### हर बच्चे की प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए, ताकि वह संस्कृति को समझे

कुलदीप ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए ताकि वह उस भाषा की संस्कृति को समझ सके और उस भाषा का सम्मान करे। संपर्क की भाषा हिंदी का सरोकार आज विस्तृत है, हमारे देश में कहीं भी जाए वहां हिंदी के विविध रूप प्रचलित है। प्रतियोगी परीक्षा के लिए हिंदी की किताबें ज्यादा उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि, हिंदी में रोजगार के बहुत से अवसर उपलब्ध है। अनुवादक, फिल्म उद्योग, समाचार पत्र, लेखक, यूट्यूबर, हिंदी टाइपिंग, स्क्रिप्ट लेखन में हिन्दी की अपार संभावनाएं हैं। वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक एचपी सिंह सलूजा ने कहा कि भाषा पर अपनी पकड़ मजबूत कर रोजगार के अवसर सुनिश्चित कर सकते हैं।



### कॉलेज के स्टूडेंट्स को दिया गया बैच बनाने का प्रशिक्षण

**दुर्ग।** साइंस कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए स्किल डेवलमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दी। बैच बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।उद्यमिता समिति के संयोजक डॉ. राकेश तिवारी के सरंक्षण में यह प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास करना है।प्रशिक्षण के दौरान निर्मित सामग्रियों का उपयोग कॉलेज में किया जाएगा।

सिटी इवेंट

## कृष्ण के प्रेम में लीन मां सरस्वती की काले रंग की पेंटिंग उकेरी



**भिलाई।** बसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा माना जाता है। मौसम जब न तो पूरी तरह ठंड होता है न ही गर्मी। बारिश से पुलकित वसुंधरा किसी नवयौवना की तरह श्रृंगारित होकर अंगड़ाई लेने लग जाती है। उसके स्वागत में कलियां खिल उठती है, तो पत्ते भी रास्तों में गिरकर न्योछावर हो जाते हैं। कोयल की कूहू कूहू, पंछियों के कलरव और मौहा के मदमस्त खुशबू से पूरा वातावरण तरंगित हो उठता है। कवियों ने भी बसंत ऋतु पर एक से बढ़कर एक रचनाओं का निर्माण किया है। मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी ने इस ऋतु से संबंधित मां सरस्वती की नयनाभिराम और गुण रहस्य से परिपूर्ण एक पेन्टिंग का निर्माण किया है, जो उसके भावार्थ को समझने का प्रयास है। पौराणिक आख्यानो में वर्णन है कि एक बार मां सरस्वती भगवान कृष्ण के दिव्य सौंदर्य को देखकर मोहित हो उठी थीं। वह उनके भक्ति और प्रेम में ऐसे डूब जाती हैं कि उनका रोम रोम कृष्णमय हो उठता है। जिससे उनका शरीर भी काला पड़ जाता है। यही नहीं वे अपने सिर पर मोर मुकुट भी धारण करने लग जाती हैं। इसे भारतीय अध्यात्म में प्रेम की चरम अवस्था मानी जाती है। जब मन के साथ-साथ शरीर भी प्रेमी की तरह हो जाता है। ऐसा ही उदाहरण स्वामी विवेकानंद के गुरू रामकृष्ण परमहंस के लिए भी देखा गया है, जब वे मां काली के परमानंद में सशरीर डूब गए थे। चित्रकार डीएस विद्यार्थी ने बताया कि मां सरस्वती के इस प्रेम से कृष्ण इतने अभिभूत हुए कि उन्होंने मां सरस्वती की पूजा करनी शुरू कर दी। यही नहीं उन्होंने वरदान दिया कि मां सरस्वती की तरह जो भी पूरे तन मन से आसक्ति में डूबेगा उसे समस्त ज्ञान की प्राप्ति हो जाएगी। वह कला समर्पण और विद्या की अथाह ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकेगा। कालान्तर में तभी से बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। और समस्त कलाकार, ऋषि, मुनि व ज्ञान के पिपासु मां सरस्वती की अराधना में पुरे मनोयोग से लग जाते हैं।

● सार्वजनिक संत गजानन महाराज के प्रगटोत्सव पर गजानन मंदिर में कार्यक्रम

# राम पंचायतन का अभिषेक कर नए वस्त्र पहनाए, पूरे दिन भजन-कीर्तन के साथ रूद्राभिषेक, भंडारा के साथ हुआ समापन

**दुर्ग।** सार्वजनिक संत गजानन महाराज का प्रगटोत्सव गजानन मंदिर गजानन नगर में धूमधाम से मनाया गया। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ अन्य संस्कार किए गए। पहले दिन संत गजानन महाराज (शेगाव) गजानन मंदिर में सुबह 6 बजे श्रीराम पंचायतन का अभिषेक हुआ। भगवान को नए वस्त्र पहनाए गए। विघ्नहर्ता, बुद्धी दाता, सुख संपतिदाता, विघ्नेश्वर गणेश भगवान का अथर्वशीर्ष से सुबह 9.30 बजे जलाभिषेक किया गया। पूजा में यजमान अनिल देशपांडे पत्नी संग बैठे। इसके बाद दोपहर 12 बजे आरती एवं महाप्रसाद भक्तों को वितरित किया गया। शाम 4 बजे से 6 बजे तक गुजराती महिला मंडल द्वारा भजन का कार्यक्रम हुआ। रात आठ बजे से हरिभक्त परायण अनुपमा संजय देशकर, धामणगांव महाराष्ट्र के कीर्तन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कीर्तन में अनन्य भाव याने भगवान को संपूर्ण समर्पण पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। बड़ी संख्या में भक्त इस दौरान मौजूद थे।



### भंडारा में सैकड़ों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

गुरुवार को मंदिर प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। आयोजन में सैकड़ों लोगों ने प्रगटोत्सव के अवसर पर आयोजित भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गजानन मंदिर समिति के अध्यक्ष राम कुलकर्णी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। भंडारा दोपहर करीब साढ़े 12 बजे प्रारंभ हुआ, जो देरशाम तक चलता रहा। समिति सदस्यों के अलावा अन्य लोगों ने इस दौरान सेवाकार्य किया। आयोजकों ने बताया कि समिति द्वारा प्रतिवर्ष बाबा का प्रगटोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भजन-कीर्तन सहित कई अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। आयोजकों ने बताया कि आयोजन में प्रतिदिन जलाभिषेक व रूद्राभिषेक किया गया। दोपहर और शाम के समय भजन कीर्तन के साथ महाआरती हुई।



### भजन मंडली ने दी भजनों की प्रस्तुति, रूद्राभिषेक के साथ पूजन



अगले दिन सुबह 6 बजे महाराज का जलाभिषेक किया गया। विजय ग्रंथ की विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। सुनील चौरे प्रमुख रूप से मौजूद थे। सुबह 10 बजे से 11 ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। शिवपुराण में मानव समाज की उन्नति के लिए रुद्राभिषेक का बहुत महत्व बताया गया है। शाम को साढ़े 5 बजे से 7 बजे तक गजानन भजनी मंडली द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई। शाम 7 बजे आरती हुआ। रात 8 बजे से हरिभक्त परायण अनुपमा संजय देशकर धामणगाव द्वारा कीर्तन की प्रस्तुति दी गई। सभी भक्तों ने कीर्तन का आनंद लिया।

लाइव इवेंट

## मावली मेला में बीएसपी मंडप की मंत्री केदार ने की सराहना



**भिलाई।** नारायणपुर में मावली मेला में भिलाई इस्पात संयंत्र के मंडप की सराहना छग के वन मंत्री केदार कश्यप की है। कश्यप ने पांच दिवसीय मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रतिष्ठा ममगाईं आईएएस, आकांक्षा खलखो, जिला पंचायत सीईओ बीरेंद्र बहादुर पंचभाई आदि उपस्थित थे।

- **पांच दिवसीय मेले का वन मंत्री केदार कश्यप ने किया उद्घाटन**

बीएसपी के मंडप में अथितियों का स्वागत, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार, महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट एवं महाप्रबंधक एस पी मंडावी ने किया। संयंत्र से संबंधित जानकारएजीएमयोगेश वर्मा और एके मिश्रा ने दी 20 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें राज्य सरकार की संस्थाओं एवं विभागों द्वारा विभिन्न विषयों पर आधारित प्रदर्शनियां लगाई गई हैं। इस कार्यक्रम में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने भी भाग लिया। बीएसपी मंडप में रावघाट खदानों में खनन प्रक्रिया और भिलाई इस्पात संयंत्र में एकीकृत इस्पात निर्माण कार्यों को दर्शाया गया है। मंत्री व अधिकारियों ने बीएसपी के मंडप में प्रदर्शित आकर्षक पैनल, कट-आउट और संयंत्र के उत्पादन प्रक्रिया पर बने वृत्तचित्र में रुचि ली। मंडल में सीएसआर विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर में निशुल्क दवाईंयां भी ग्रामीणों को दी जा रही हैं।


27 फरवरी तक होंगे रामलला के दर्शन

# आनंद सरोवर में अयोध्या के राम मंदिर की चैतन्य झांकी



**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी के बघेरा स्थित केंद्र में अयोध्या के राम मंदिर की चैतन्य झांकी तैयार की गई है। शहर विधायक गजेंद्र यादव ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर दुर्ग प्रेस क्लब के सदस्य मौजूद थे। भक्त 27 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 10 बजे और शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक रामलला के दर्शन कर सकेंगे। महाशिवरात्रि के दिन सुबह 5 बजे से रात 12 बजे तक झांकी दर्शन के लिए उपलब्ध रहेगी। संचालिका रीटा बहन ने बताया कि दुर्ग शहर में प्रथम बार अयोध्या के राम मंदिर की चैतन्य झांकी लगाई गई है। राम हम सभी के आदर्श हैं। उनके जीवन की यह विशेषता रही कि उनके जीवन में जो भी नकारात्मक बातें आईं, उसके प्रति वह सदा सकारात्मक दृष्टिकोण रखे। सदैव मर्यादा मे चलने के कारण वे मर्यादा पुरुषोत्तम बन समाज के लिए आदर्श बने। संस्था की वरिष्ठ राजयोगी शिक्षिका रूपाली बहन ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव दर्शन मेले का आयोजन किया गया है, जिसमें सबसे प्रमुख आकर्षण का केंद्र अयोध्या चैतन्य झांकी है। रामलला की मूर्ति जो कि अयोध्या के श्री राम लला के सम प्रतीत होती है। इसके अलावा इस मेले में आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी बच्चों के लिए मूल्य निष्ठ खेल 45 फीट ऊंचा शिवलिंग शिव शंकर का अद्भुत रहस्य चैतन्य शंकर की झांकी।

- **प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के बघेरा स्थित केंद्र में विधायक गजेन्द्र ने किया उद्घाटन**



कैंसर जागरुकता पर सम्मेलन

# कैंसर की रोकथाम, पहचान और उपचार के लिए प्रशिक्षण



**भिलाई।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुम्हारी में कैंसर की रोकथाम, पहचान और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का आयोजन कैम्पस डायरेक्टर डॉ. प्रीति गुरानी और प्रिंसिपल डॉ. वरनिश कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस सम्मेलन का थीम यूनाइटेड बाई यूनिक्यू था। एडल्ट हेल्थ नर्सिंग विभाग ने कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसमें गेस्ट स्पीकर डॉ. देबरश्रीकर महापात्र हेड ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट रावतपुरा इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी थे। उन्होंने कैंसर पर जानकारी दी। डॉ. महापात्रा ने कैंसर के इलाज को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। कैम्पस डायरेक्टर डॉ. प्रीति गुरानी ने कैंसर के खिलाफ एकजुट होने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन महेश बाबू के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।



### स्लाइड के माध्यम से बचाव के बारे में दी जानकारी

कार्यक्रम में डॉ. फिबिना चिलाटे एएचएन विभाग एचओडी, महेश बाबू सहायक प्रोफेसर, गोविंदा लेक्चरर और हितेश्वरी साहू द्वारा कैंसर के प्रकार, इसके लक्षण, घटनाएं और उपचार के बारे में स्लाइड के माध्यम से जानकारी दी गई। इसके अलावा, कैंसर के मामलों में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की गई। सम्मेलन की शुरुआत जीवंत एंकरिंग सत्र के साथ हुई, जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता, नाटक और नारे प्रस्तुत किए गए। इन क्रिएटिव गतिविधियों ने कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

समाज इवेंट

## छग कृषि कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव, प्रथम सोनी बने अध्यक्ष



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा में छात्र संघ 2025 का गठन किया गया। इसमें प्रथम सोनी सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए। पूर्वा धनसेना उपाध्यक्ष, आस्था सोनी सचिव और शीबा धुर्वे सह सचिव मनोनीत की गईं। इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के आदेश के तहत मेरिट के आधार पर इनका चयन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसरॉय के समक्ष्य चुनाव अधिकारी विवेक पांडेय ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रसंघ के पदाधिकारी कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के हितों से जुड़ी मांगों से महाविद्यालय प्रबंधन को अवगत कराएंगे। साथ ही उनकी मांगों के समाधान पर सार्थक प्रयास हो सके। छात्रसंघ के पदाधिकारी कॉलेज प्रबंधन और छात्रों के बीच सेतू का काम करेंगे।

- **छात्रसंघ के अन्य पदाधिकारी भी सर्वसम्मति से घोषित किए गए, छात्र हित में करेंगे काम**

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस आज, शैक्षणिक संस्थाओं में होंगे आयोजन

# मातृभाषा के अस्तित्व को बचाने युवाओं ने दी थी शहादत, यूनेस्को ने घोषित कर दिया अंतर्राष्ट्रीय दिवस

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस है। प्रतिवर्ष 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर शैक्षणिक संस्थाओं में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य भाषायी और सांस्कृतिक विविधता व बहुभाषिकता को पूरी दुनिया में बढ़ावा देना है। वर्ष 1952 में अपनी मातृभाषा के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए किए गए आंदोलन के दौरान शहीद हुए युवाओं की स्मृति में यूनेस्को ने वर्ष 1999 में 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। पिछले दशकों में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कई प्रयासों से स्कूलों में विशेष रूप से आदिवासी बहुल्य क्षेत्रों में बच्चों की दर्ज संख्या में काफी वृद्धि हुई है। परन्तु इन बच्चों को अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के लिए स्कूलों से लगातार जोड़े रखना हमेशा से ही एक चुनौती रही है।



### आधिकारिक भाषा में शिक्षा से आदिवासियों को सबसे ज्यादा परेशानी

अधिकांशतः स्कूलों में बच्चों को राज्य की आधिकारिक भाषा में ही शिक्षा दी जाती है। यह आदिवासी बच्चों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है जिनकी मातृभाषा इस आधिकारिक भाषा से अलग होती है। पाठ्यपुस्तकों के संदर्भ भी इन बच्चों के लिए अनजान होते हैं, इस कारण ये बच्चे कक्षा की गतिविधियों से पूरी तरह से जुड़ नहीं पाते हैं। इसका सीधा प्रभाव बच्चों के ठहराव और सीखने के प्रतिफलों की उपलब्धि पर पड़ता है। साथ ही साथ उपयुक्त शिक्षक प्रशिक्षण, उचित सामग्री की कमी शिक्षकों को विविधता से भरे कक्षा के वातावरण में शिक्षण के लिए चुनौती प्रस्तुत करते हैं। शिक्षकों में इन बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक कक्षाओं में प्रभावी रूप से कार्य करने की क्षमता की कमी होती है।कक्षा में मातृभाषा परिचित भाषा में प्रारंभिक शिक्षा देना बच्चों के लिए महत्वपूर्ण होता है। इस प्रकार की शिक्षा से बच्चों की शैक्षणिक नींव मजबूत होती है और इसे अन्य भाषाओं में दक्षता प्राप्त करने की सबसे प्रभावी रणानीति माना गया है। विशेषज्ञों ने स्कूलों में इन बच्चों के ठहराव और अकादमिक उपलब्धि में कमी के लिए पहचाने गए कई कारणों में से एक मुख्य कारण कक्षा में उपयोग की जाने वाली भाषा को माना है। समाजसेवी संजय गुलाटी ने बनाया कि यह दिन विशेष है। इसे हम सभी को समझने की जरुरत है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने मातृभाषा के लिए किया प्रेरित

कक्षा में उपयोग की जाने वाली भाषा शिक्षा में समता और गुणवत्ता को प्रभावित करती है, इसे स्वीकारते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 इस बात की अनुसंशा करती है कि जहाँ तक संभव हो, कम से कम कक्षा-5 तक लेकिन बेहतर यह होगा कि यह कक्षा-8 और उससे आगे भी हो, शिक्षा का माध्यम घर की भाषा, मातृभाषा, स्थानीय भाषा, क्षेत्रीय भाषा होगी। इसके बाद, घर, स्थानीय भाषा को जहां भी संभव हो भाषा के रूप में पढ़ाया जाता रहेगा। बहुभाषी शिक्षा का उद्देश्य बच्चों के लिए समतामूलक त्ता युक्त शिक्षा सुनिश्चित करना है।

### शिक्षा में स्थानीय भाषा के उपयोग के लिए किया जा रहा जागरूक

बहुभाषी शिक्षा की निरंतरता को बनाए रखने में समुदाय की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। शिक्षा में स्थानीय भाषा के उपयोग के प्रति समुदाय की जागरूकता और उनके पास उपलब्ध भाषायी संसाधनों का कक्षाओं में उपयोग बहुभाषी शिक्षा को मजबूती प्रदान करता है। समुदाय के सदस्य स्थानीय कहानियों, कविताओं, गीत, स्थानीय खेल, पहेलियों, मुहावरों आदि के संकलन में मदद करके कक्षा में उनके उपयोग से बच्चों के शैक्षिक कौशलों के विकास में मदद कर उनके शैक्षिक कार्यों में शामिल हो सकते हैं। समुदाय की मदद से स्कूलों में संग्रहालयों की स्थापना की जा सकती है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ की देवयानी भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम में चयनित



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में कार्यरत बास्केटबॉल खिलाड़ी देवयानी गंगवाल का भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम में चयन हुआ है। देवयानी के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। रेलवे के कोच देवेंद्र यादव और जिला बास्केटबॉल संघ पदाधिकारी आनंद सिंह ,सुधीर राजपाल एवं वरिष्ठ खिलाड़ी अमित पिल्लै ,मोहन निषाद, ऋषभ हड़लेसकर, पवन निषाद, विशाल टंडन, हर्ष सिंह ठाकुर ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

### राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बेटियों ने जीता रजत पदक



**रायपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 68वी शालेय राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल 14 वर्ष बालक/बालिका वर्ग स्पर्धा का आयोजन महाराष्ट्र के संभाजी नगर में 13 से 16 फरवरी तक आयोजित हुआ।

जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की टीम भी सम्मिलित हुई थी, जिसके लिए छत्तीसगढ़ के बालिका वर्ग टीम में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकैडमी कवर्धा से वैनी पाटिल, श्रेया पाली पूजा चंद्रवंशी एवं बालक वर्ग में शुभम सेन सचिन सहित कुल पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ था।

बालिका टीम के मैनेजर के रूप में श्रुति ठाकुर को नियुक्त किया गया था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने रजत पदक प्राप्त किया है। अकादमी के प्रशिक्षण राजा जोशी ने बताया कि एकेडमी से पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ था, जिसमें बालिका वर्ग में तीन खिलाडियों ने सॉफ्टबॉल मिनी वर्ग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन से रजत पदक जीत कर कबीरधाम जिले का नाम रौशन किया है।

फाइनल में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम का मुकाबला होम टीम महाराष्ट्र के साथ हुआ। जिसमें दोनों टीमों के बीच बहुत ही कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमे आखिरी इनिंग में महाराष्ट्र की टीम ने हिट करके एक रन और बना लिए जिससे स्कोर 04-03 हुआ और छत्तीसगढ़ की बालिका टीम को रजत पदक से ही संतुष्ट होना पड़ा।

### ओपन यूथ एशियाई लैक्रोस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से 4 खिलाड़ी इंडिया टीम में



**रायपुर।** जापान ओकिनावा में 20 से 23 फरवरी तक आयोजित ओपन यूथ एशियाई लैक्रोस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ महासमुंद जिले के 4 खिलाड़ी चयनित हुए हैं। इनमें अभिनव सतपथी, प्रिंस कांटे, शिवम गवेल, आर्यन केशरवानी का चयन इंडिया टीम में हुआ है। छत्तीसगढ़ लैक्रोस टीम से इंडिया टीम में सलेक्शन होने पर लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ के सेक्रेटरी देववतार चौधरी, कोच राजनारायण प्रधान, विवकानंद यादव, अजय शर्मा, विजय कांटे, मेनका यादव और पूजा कश्यप ने शुभकामनाएं दी है।

### राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सुखदेव ने दौड़ में जीता स्वर्ण पदक



**रायपुर।** तमिलनाडु पैरालंपिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम चेन्नई तमिलनाडु में 17 से 20 फरवरी तक किया गया है। जिसमें फॉर्च्यून नेत्रहीन हायर सेकेंडरी स्कूल करमापटपर बागबाहरा खुर्द बागबाहरा के तीन खिलाड़ी टी 11 कैटेगरी बालक वर्ग में लक्की यादव, सुकदेव केवट एवं निखिल यादव हिस्सा ले रहे हैं। इनके गाइड रनर संजय पैकरा, छत्तीसगढ़ दल के टीम मैनेजर के रूप में अध्यक्ष जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन महासमुंद निरंजन साहू शामिल हैं।

निरंजन साहू ने बताया कि जिले के दिव्यांग खिलाड़ी सुखदेव केवट ने मंगलवार को 1500 मीटर दौड़ में गाइड रनर वेंकटेश के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन कर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल की। इवेंट 400 मीटर दौड़ में सुखदेव ने रजत पदक जीता एवं कुल 2 पदक जीतकर जिले व राज्य का नाम रोशन किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ जिला पंचायत एस आलोक, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग शिल्पा साय ने शुभकामनाएं दी।

प्रोटीन की भूमिका आम धारणा से अलग

# प्रोटीन सिर्फ आपके मसल्स बढ़ाने में ही मदद नहीं करता, बल्कि इसकी और भी हैं जिम्मेदारियां

हम सभी प्रोटीन के बारे में जानते हैं। प्रोटीन मसल्स, स्किन, बालों और नाखूनों के साथ-साथ एंटीबॉडीज, हार्मोन और सेलुलर स्ट्रक्चर्स का एक महत्वपूर्ण कंपोनेंट है। विज्ञान यह कहता है कि कोई भी व्यक्ति यह सुनिश्चित नहीं कर सकता कि वो कितना कार्बोहाइड्रेट कंज्यूम सकता है। इस मामले में प्रोटीन सबसे आम मैक्रोन्यूट्रिएंट के रूप में सामने आता है।

हम में से ज्यादातर लोग जानते हैं कि प्रोटीन केवल मसल्स के डेवलपमेंट में मदद करता है। हमारा शरीर प्रोटीन को अमीनो एसिड में तोड़ देता है और मसल्स के रिस्टोरेशन और रिकंसट्रक्शन के लिए अमीनो एसिड का उपयोग करता है। लेकिन कई लोगों का यह मानना है कि प्रोटीन सिर्फ मसल्स के निर्माण से ज्यादा कुछ नहीं करता है।

प्रोटीन तीन प्राइमरी फूड ग्रुप्स में से एक है और अमीनो एसिड से बना है, जो ₹बिल्डिंग ब्लॉक्स₹ सेल्स के रूप में काम करता है। इन सेल्स को अपने विस्तार और मरम्मत के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है।

अपनी डाइट में प्रोटीन जोड़ने के कुछ नैचुरल सोर्स भी हैं। मछली, मुर्गी, अंडे, फलियां और डेयरी प्रोडक्ट जैसे खाद्य पदार्थ प्रोटीन से भरे होते हैं और इन्हें हम अपनी डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं।मसल्स के डेवलपमेंट में प्रोटीन कैसे मदद करता है?



प्रोटीन मसल्स के लिए बेहद फायदेमंद है। यह महत्वपूर्ण घटक आपके शरीर ये जुड़े सभी दैनिक कार्यों और उपयोगों के लिए आवश्यक है। आपको कितनी मात्रा में प्रोटीन का सेवन करना चाहिए या नहीं करना चाहिए, इस बारे में मिथकों और धारणाओं के बावजूद, आपको अपने प्रोटीन इनटेक का बाकी न्यूट्रिशनल इनटेक के साथ मिलान करना महत्वपूर्ण है।

बहुत से लोग प्रोटीन को मसल्स मास के साथ भी जोड़ते हैं। प्रोटीन और अमीनो एसिड आपके शरीर में मसल्स के टिश्यूज का निर्माण करते हैं। साधारण भाषा में कहें तो यदि आपकी मसल्स एक इमारत हैं, तो ईंटें प्रोटीन हैं। आपका शरीर कई प्रकार के अमीनो एसिड का निर्माण करता है। लेकिन 9 अन्य आवश्यक अमीनो एसिड भी होते हैं और उनका निर्माण शरीर में नहीं होता है। बीन्स, नट्स और सोया जैसे फूड प्रोडक्ट्स से आपको ईएए मिलता है। मिश्रित अमीनो एसिड युक्त डाइट मसल्स के प्रोटीन के उत्पादन को अधिकतम करने में मदद कर सकती है।

ल्यूसीन नामक अमीनो एसिड कई एनाबॉलिक (मांसपेशियों के निर्माण) प्रक्रियाओं के लिए जिम्मेदार है। इसे ₹ल्यूसीन ट्रिगर सिद्धांत₹ के रूप में जाना जाता है, क्योंकि उचित मात्रा में ल्यूसीन लेना मसल्स के प्रोटीन प्रोसेस को ट्रिगर करता है। मसल्स के निर्माण में प्रोटीन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमीनो एसिड (प्रोटीन बिल्डिंग ब्लॉक्स) मसल्स के टिश्यूज के पुनर्निर्माण और बनाए रखने में मदद करते हैं। वर्कआउट के बाद प्रोटीन आपको एक्सरसाइज से ठीक होने में मदद करता है, क्योंकि एक्सरसाइज के दौरान मसल्स थोड़ी फट जाती हैं।



#### दही और केला

ग्रीक योगर्ट में सामान्य दही की तुलना में अधिक प्रोटीन होता है। अपने प्री-वर्कआउट से पहले आप इस स्नैक को ट्राई कर सकते हैं।

#### अंडे के साथ कुछ भी

अंडे सिर्फ नाश्ते के लिए ही नहीं, दिन में किसी भी समय खाने के लिए भी ये बहुत अच्छे होते हैं। इनमें सभी महत्वपूर्ण अमीनो एसिड होते हैं, जो आपके शरीर को डाइट के माध्यम से प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। मसल्स के निर्माण के लिए आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपके पास वर्कआउट करने के लिए पर्याप्त कैलोरी है और साथ ही साथ न्यूट्रिएंट्स का सही संतुलन भी है। मसल्स के निर्माण में शामिल कुछ और पोषक तत्व इस प्रकार हैं:

#### कार्बोहाइड्रेट

बहुत सारे बॉडीबिल्डर कार्ब्स को सही नहीं मानते और यह एक उनकी एक बड़ी गलती होती है। हां ये जरूर है कि हाई प्रोसेस्ड कार्ब्स और मिठाई शरीर के लिए अच्छी चीज नहीं है। लेकिन साबुत अनाज, बीन्स, फलों और सब्जियों में पाए जाने वाले कार्बोहाइड्रेट मसल्स के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। डायटरी फैट के बारे में एथलीटों की राय बहुत अच्छी नहीं है। कार्ब्स की तरह, फैट की छवि भी इस मामले में बेहद खराब है।



## घर में हैं बुजुर्ग तो उनसे रिश्ता मजबूत करें पकवान से, जुड़ेंगे मन के तार

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है, वैसे-वैसे हमारे शरीर में भी काफी परिवर्तन होते हैं। इन परिवर्तनों की वजह से शरीर में अलग तरह के पोषक तत्वों की जरूरत पड़ती है। खासतौर पर जब कोई बुजुर्ग हो जाता है, तो उनके खाने का ध्यान घर वालों को ही रखना पड़ता है। शायद ही कोई घर ऐसा होगा, जिसमें बुजुर्ग ना रहते हों। जिस प्रकार से जब घर में कोई बच्चा आता है, तो उसका ध्यान रखना पड़ता है, ठीक उसी प्रकार से घर के बुजुर्गों का भी काफी खास ध्यान रखना पड़ता है।

उम्र बढ़ने के साथ दांत कमजोर होने लगते हैं, जिस वजह से बुजुर्गों आप कुछ भी खाने को नहीं दे सकते। उन्हें वही चीजें खाने को दी जाती हैं, जिसे वो सही तरह से चबा लें। कई बार हेल्दी चीजें देने के चक्कर मे हम उनके स्वाद के बारे में भूल जाते हैं। इसीलिए आज के लेख में हम आपको कुछ स्वादिष्ट पकवानों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे आप अपने घर के बड़ों को दे सकते हैं।

#### दलिया

दलिया एक ऐसी चीज है, जिसे आप नाश्ते और खाने दोनों समय खा सकते हैं। ऐसे में आप चाहें तो नाश्ते में अपने घर के बुजुर्गों के लिए दूध और दलिया तैयार कर सकते हैं। अगर खाने में उनका दलिया खाने का मन है तो आप उन्हें नमकीन दलिया बनाकर खिला सकते हैं।



#### टमाटर का सूप

बुजुर्गों को ऐसी चीजें काफी पसंद आती हैं, जिसे उन्हें चबाना ना पड़े। ऐसे में आप अपने परिवार के बुजुर्गों को टमाटर या मिक्स वेजिटेबल का सूप तैयार करके परोस सकते हैं। ध्यान रखें कि ये ज्यादा तीखा ना हो, वरना उन्हें पेट की समस्या हो सकती है।

#### चीला

चीला खाने में काफी नरम और स्वादिष्ट होता है। ऐसे में मूंग दाल का चीला आप उन्हें बनाकर खिला सकते हैं। इसे उनकी पसंदीदा चटनी के साथ ही परोसें। ताकि उनका मन भी भर जाए।

#### इडली

साउथ इंडियन खाना हर किसी को पसंद आता है। ऐसे में आप भी अपने घर के बुजुर्गों को स्वादिष्ट इडली बनाकर खिला सकते हैं। अगर उन्हें चटाकेदार खाना पसंद है, तो आप इसे फ्राई भी करके उन्हें परोस सकते हैं।

#### ढोकला

ये काफी मुलायम होता है और इसे बनाना भी काफी आसान होता है। ऐसे में आप अपने घर के बड़ों को हरी चटनी के साथ ढोकला परोस सकते हैं।



## सीप की चूड़ी पहनने से हो सकते हैं आपको लाभ, ज्योतिष से जानें

16 श्रृंगार में चूड़ियां बेहद महत्वपूर्ण होता है। इसे सुहाग का प्रतीक माना जाता है। इससे महिलाओं के हाथों की खूबसूरती भी बढ़ती है। सनातन धर्म में सुहागिन महिलाओं के द्वारा किए जाने वाले श्रृंगार में सिंदूर, पायल, बिछिया और मंगलसूत्र आदि के साथ हाथों में कांच की चूड़ियां पहनना भी बेहद अहम माना जाता है। हाथों में चूड़ी पहनने की परंपरा वैदिक काल से चली आ रही है। वहीं हिंदू धर्म में देवियों की मूर्तियों में उन्हें चुड़ी पहने हुए ही दर्शाया गया है, लेकिन क्या आप जानते हैं आखिर सुहागिन महिलाओं को चूड़ियां पहनना इतना जरूरी क्यों माना जाता है। खासकर सीप की चूड़ियों क्यों शुभ मानी जाती है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

#### सीप की चूड़ी पहनने के लाभ

सीप की चूड़ी का संबंध माता लक्ष्मी (मां लक्ष्मी मंत्र) है। सीप धन की देवी माता लक्ष्मी का प्रतीक है। इसे पहनने से पति को कभी आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता है और महिलाओं का चंद्र (चंद्र दोष उपाय) ग्रह मजबूत होता है। साथ ही जिस भी घर में महिलाएं सीप की चूड़ियां पहनती हैं, उस घर में कभी भी आर्थिक परेशानियां नहीं आती है। शुभ फलों की प्रारप्ति होती है। इसलिए सीप की चूड़ियां खासकर पहनना चाहिए।

#### सुहाग का प्रतीक है चूड़ियां

सुहागिन महिलाओं को चूड़ियां अवश्य



पहनना चाहिए। इससे पति की आयु बढ़ती है। इसे 16 श्रृंगार में से एक माना जाता है। यही कारण है कि मां दुर्गा को श्रृंगार के सामान चढ़ाएं जाते हैं। ऐसा कहा जाता है कि चूड़ियों का दान करना भी बेहद शुभ माना जाता है। इससे बुधदेव का आशीर्वाद मिलता है और सुहागिन महिलाओं को पुण्यफल की प्राप्ति हो सकती है। वहीं वास्तु शास्त्र के अनुसार चूड़ियों की खनखन से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सकता है।

#### स्वास्थ्य के लिए शुभ फलदायी हैं सीप की चूड़ियां

हाथ में सीप की चूड़ियां पहनने से महिलाओं का मन शांत रहता है और एकाग्रता बढ़ती है। अगर कोई महिला मानसिक रूप से परेशान है, तो उसे सीप की चूड़ियां जरूर पहनना चाहिए। चूड़ियों के आपस में टकराने से शरीर में एनर्जी बनी रहती है और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार होता है। सीप की चूड़ियां पहनना बहुत शुभ माना जाता है।

## किसी शुभ काम से पहले क्यों बनाया जाता है स्वास्तिक चिन्ह

स्वास्तिक का चिह्न ज्योतिष के अनुसार बहुत शुभ माना जाता है और इससे घर में शुभता आती है। इसे घर के कई स्थानों पर बनाया जाता है और इससे जुड़े कुछ उपाय आपके जीवन के लिए लाभदायक हो सकते हैं।



किसी भी शुभ काम के पहले या किसी भी नई चीज के इस्तेमाल से पहले उसमें कुमकुम, सिंदूर या हल्दी का स्वास्तिक बनाने की प्रथा सदियों से चली आ रही है। ऐसा माना जाता है कि ये घर में खुशहाली लाने का एक आसान तरीका है।

स्वास्तिक को मंगल ग्रह का प्रतीक माना जाता है, इसी वजह से इससे घर में ऊर्जा आकर्षित होती है और जिस स्थान पर यह शुभ चिह्न बनाया जाता है वह अपने आप ही ऊर्जा से भरपूर हो जाता है।

हिंदू धर्म में इसे एक पवित्र प्रतीक माना जाता है जो सौभाग्य, समृद्धि और शुभता से जुड़ा होता है। इसे किसी भी शुभ कार्य से पहले बनाने के पीछे के कई ज्योतिष लाभ हैं और इसका महत्व भी है।

शादी, गृहप्रवेश, किसी शुभ समारोह या कोई नया व्यवसाय शुरू करने से पहले इसे उस स्थान पर बनाया जाता है, इसके अलावा पूजा-पाठ में भी इस चिह्न का विशेष महत्व है। आइए ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया जी से जानें शुभ काम की शुरुआत में स्वास्तिक बनाने के पीछे के कारणों के बारे में विस्तार से।

#### स्वास्तिक सौभाग्य का प्रतीक होता है


यदि हम ज्योतिष की मानें तो स्वास्तिक का चिह्न सौभाग्य, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक होता है। ऐसा माना जाता है कि किसी भी शुभ कार्य को शुरू करने से पहले इस चिह्न को बनाना सौभाग्य और अनुकूल परिणामों को आमंत्रित करता है। यह आपके घर में सकारात्मक वातावरण को आकर्षित करता है इसलिए इसे बनाना शुभ माना जाता है। इसे एक पवित्र और शक्तिशाली प्रतीक माना जाता है जो ऊर्जा के सामंजस्यपूर्ण प्रवाह का प्रतिनिधित्व करता है।

कार्नर न्यूज

डॉक्टर बोले- अपनाएंगे उपाय तो 40 फीसदी तक कम कर सकते हैं जोखिम

# क्यों दगा दे रहा नौजवानों का दिल, हार्ट अटैक के लगातार बढ़ते मामलों से चिंता बढ़ी समाज की

हृदय रोगों के मामले पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़े हैं, आश्चर्यजनक रूप कम उम्र के लोग न सिर्फ इसके शिकार हो रहे हैं, साथ ही मौत का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। कुछ शोध बताते हैं कि कोरोना महामारी के बाद से हार्ट अटैक का जोखिम और भी बढ़ गया है, ये वायरस हृदय स्वास्थ्य को भी गंभीर तौर पर क्षति पहुंचाते हुए देखा गया है। इसके अलावा लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय रोगों की समस्याओं का खतरा और भी अधिक बढ़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि सभी लोग हार्ट का ध्यान रखें और इसे स्वस्थ बनाए रखने के लिए उपाय करते रहें। हृदय रोग विशेषज्ञों का कहना है कि जीवनशैली को ठीक रखकर आप हृदय की गंभीर समस्याओं के जोखिम को कम कर सकते हैं। भले ही आप अभी स्वस्थ हैं पर सुरक्षात्मक उपाय करके भविष्य में होने वाली समस्याओं के खतरे से बचाव करते रहना जरूरी है। आइए जानते हैं कि किन उपायों की मदद से हार्ट अटैक से बचाव किया जा सकता है?



#### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

पुणे स्थित कार्डियोलॉजिस्ट डॉ एम.आर.खान कहते हैं, कई कारक हैं जो हृदय की सेहत को क्षति पहुंचा रहे हैं। बड़ी संख्या में युवाओं में ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत भी देखी जा रही है जिससे हृदय को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। धूम्रपान और शराब के अधिक सेवन के कारण भी हार्ट अटैक का खतरा हो सकता है। इस बड़े जोखिम से बचाव के लिए लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करना लाभकारी हो सकता है। कम उम्र से ही सभी लोगों को इन सावधानियों के बारे में ध्यान रखना चाहिए। हृदय के साथ संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए भी आहार का ध्यान रखना जरूरी है। पोषक तत्व धमनियों के साथ हृदय को स्वस्थ रखने में मददगार माने जाते हैं। फलों-सब्जियों से भरपूर आहार, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन और स्वस्थ वसा से भरपूर आहार खाने से कोलेस्ट्रॉल कम करने और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। ये हृदय की सेहत को भी ठीक बनाए रखने में सहायक है। इसके साथ प्रोसेस्ड आहार, नमक और चीनी वाली चीजों का सेवन कम करना भी जरूरी है।



नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधि आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने में सहायक है। रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और स्वस्थ वजन बनाए रखने में भी इससे मदद मिल सकती है। प्रत्येक सप्ताह कम से कम 150 मिनट तक व्यायाम का लक्ष्य रखें। तेज चलना, साइकिलिंग या तैराकी जैसे अभ्यास को भी दिनचर्या में शामिल करके हृदय स्वास्थ्य को ठीक रखने और क्रोनिक बीमारियों के खतरे को कम करने में लाभ मिल सकता है।

#### धूम्रपान और शराब को कहें न

धूम्रपान और शराब, दो ऐसी आदतें हैं जिससे सेहत पर कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकता है। इससे न सिर्फ कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम रहता है साथ ही ये हृदय की समस्याओं का भी प्रमुख कारण हो सकती है। इन दोनों आदतों से दूरी बनाकर हृदय रोगों को खतरे को 40 फीसदी तक कम किया जा सकता है। धूम्रपान से सबसे ज्यादा नुकसान धमनियों को होता है जिससे रक्त का संचार प्रभावित हो सकता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## फायरिंग मामले में रैपर रॉकी निर्दोष, फैसला सुन रो पड़े



लॉस एंजिलिस के रैपर रॉकी को उनके दोस्त पर फायरिंग करने के मामले में अदालत ने निर्दोष पाया है। इस खबर के आने के बाद सिंगर रिहाना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर खुशी जताई है। मामला साल 2021 में हुए एक फायरिंग विवाद का है। तीन हफ्ते तक चले इस मुकदमे का अब अंत हो गया है। अदालत का फैसला सामने आने के बाद रकीम मेयर्स की पार्टनर रिहाना ने ट्वीट कर खुशी जताई है। इस केस की सुनवाई के दौरान अदालत में रॉकी की डिफेंस टीम, उनकी पार्टनर रिहाना और परिवार के सदस्य मौजूद थे। कोर्ट ने जब फैसला सुनाया तो सभी खुशी के कारण झूम उठे। रैपर रॉकी तो फैंसिंग से उस पार कूदकर मां से गले मिलने जा पहुंचे। बताते चलें कि अगर इस मामले में रैपर को दोषी पाया जाता तो उन्हें 24 साल की जेल हो सकती थी। लॉस एंजिल्स के अमेरिकी रैपर रॉकी पर नवंबर 2021 में हॉलीवुड के एक होटल के बाहर अपने पूर्व मित्र टेरेल एफ्रॉन पर फायरिंग करने का आरोप लगाया था। वैरायटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक एफ्रॉन ने कहा था कि रॉकी ने उनके सिर और पेट पर गोली चलाई थी। वहीं, रॉकी के वकील ने अदालत में कहा कि एफ्रॉन को लगी चोट बहुत ही हल्की थी और रॉकी ने सिर्फ प्रॉप गन का इस्तेमाल किया था। उन्होंने यह भी कहा कि एफ्रॉन ने इस मामले में रॉकी को फंसाने के लिए एविडेंस प्लान्ट किए थे। एफ्रॉन ने रॉकी पर तीस मिलियन यूएस डॉलर का सिविल लॉ सूट फाइल किया था। सिंगर रिहाना ने भी इस मामले पर रॉकी के बेगुनाह साबित होने पर खुशी जताई है।

### टॉलीवुड

## रजनीकांत की 'जेलर' अब जापान में धमाल मचाएगी, ताबड़तोड़ बिजनेस की उम्मीद



सुपरस्टार रजनीकांत की एक्शन थ्रिलर 'जेलर' ने केवल भारत में ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी जमकर कमाई की थी। फिल्म ने दुनियाभर में 650 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी। नेल्सन दिलीपकुमार के निर्देशन में बनी यह फिल्म अब यह जापानी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए तैयार है।

रजनीकांत की लोकप्रियता जापान में काफी ज्यादा है। साल 1995 में आई उनकी फिल्म 'मुथु' की वजह से वह वहां काफी ज्यादा लोकप्रिय हैं। 'मुथु' जापान में एक बड़ी हिट बनी थी। यह फिल्म तब तक दक्षिण भारतीय फिल्मों के लिए जापान में सबसे बड़ी हिट रही, जब तक कि 2022 में 'आरआरआर' ने इसका रिकॉर्ड नहीं तोड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' जापान के दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए 21 फरवरी को रिलीज होने जा रही है। 'जेलर' ने अपनी रिलीज के पहले ही दिन जबर्दस्त कमाई की थी। इसके ओवरसीज डिस्ट्रीब्यूटर अयंगारन इंटरनेशनल के अनुसार फिल्म ने पहले दिन ही 33 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसी के साथ यह रजनीकांत के करियर का सबसे बड़ा पहले दिन का कलेक्शन था। इस फिल्म में मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल, कन्नड़ सुपरस्टार शिवा राजकुमार, बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ और तेलुगु तथा तमिल सिनेमा के अन्य प्रमुख अभिनेता भी नजर आए थे। फिल्म की संगीत जबर्दस्त हिट रहा था। खासतौर पर 'कवाला' गाने को दर्शकों ने काफी ज्यादा पसंद किया था। 'जेलर' की सफलता के बाद सन पिक्चर्स ने फिल्म के सीक्वल की घोषणा की है। फिल्म में अनिरुध रविचंदर फिर से संगीत देंगे। वहीं, नेल्सन दिलीपकुमार इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। हाल ही में इसके सीक्वल का एक टीजर भी रिलीज किया गया था।

### भोजपुरी

## 'थप्पड़ मारूंगी' पर फैंस फिदा लोग बोले- नाचे लायक बा धुन



चाहे साउथ की फिल्में हों या फिर बॉलीवुड की, भोजपुरी में तुरंत नकल हो जाती है। अब हालिया रिलीज फिल्म 'पुष्पा 2' का फेमस गाना 'थप्पड़ मारूंगी' का भोजपुरी वर्जन तैयार है और रिलीज होते ही यूट्यूब पर हंगामा मचा रहा है।

समर सिंह और खुशबू तिवारी का ये गाना होली थीम पर फिल्माया गया है, जहां हर तरफ रंग और गुलाल के बीच ये धमाल डांस भी नजर आ रहा है। भोजपुरी गानों के फैन्स को होली सॉन्ग का हर साल इंतजार रहता है। होली से पहले अब इसपर तेजी से गाने बन रहे हैं और रिलीज हो रहे हैं। उन सभी गानों के बीच होली का ये 'थप्पड़' गाना सबसे अधिक धूम मचा रहा है। करीब 15 घंटे पहले रिलीज हुए इस गाने पर 1 मिलियन से अधिक व्यूज आ चुके हैं और लोग जमकर तारीफें करते दिख रहे। हालांकि, जहां काफी सारे फैन्स इस गाने को खूब इंजॉय कर रहे हैं और इसकी तारीफ कर रहे हैं वहीं कुछ लोगों को साउथ के गाने का ये नकल पसंद नहीं आ रहा। एक ने कहा है- ये सब सुनके शर्म आ रहा कि भोजपुरी में अपना दम अब कुछ नहीं बचा है। वहीं कई लोग इस गाने को अपना फेवरेट बताने लगे हैं और कुछ ने इसे भोजपुरी का ब्लॉकबस्टर गाना कहा है। एक ने लिखा- गाना के धुन एकदम नाचने लायक बा।




न्यूयार्क फैशन वीक में नॉटिकल स्टाइल और ईस्ट कोस्ट प्रेप को बराबर मिलाकर नया ट्रेंड मिउ मिउ, सैकाई और प्रोएन्ज़ा शॉलर जैसे कूल-गर्ल ब्रांड्स में आया है। जिसका मतलब है कि यह आने वाले महीनों में हर जगह दिखाई देगा। इस मौसम की यह जरूरत बी है।

## जान लें फाउंडेशन लगाने का सही तरीका

अगर आपका मेकअप भी केकी दिखने लगता है, तो मतलब आप फाउंडेशन गलत तरीके से अप्लाई कर रही हैं। आइए ऐसे एग्जेक्ट स्टेप्स जानें जिसके बाद फाउंडेशन से आपको एक अच्छा फिनिश मिलेगी।

कई बार इससे चेहरा पूरा सफेद नजर आने लगता है, इसलिए जरूरी है कि आपको फाउंडेशन अप्लाई करने की स्किल्स पता हों। फाउंडेशन लगाने के प्रोसेस को आसान बनाने के लिए, हम ऐसी तकनीक लेकर आए हैं, जो आपको एक नेचुरल फिनिश देने में मदद करेंगे।

### स्टेप 1: चेहरे को करें साफ

सुबह मेकअप करने से पहले एक बात का ध्यान रखें कि आपका चेहरा अच्छी तरह से साफ होना चाहिए। फाउंडेशन लगाने से पहले किसी भी तरह की गंदगी रह जाना न त्वचा के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है और न ही मेकअप के लिए। रात को सोने से पहले भी अपने चेहरे को ढंग से धोएं। इससे सुबह के समय चेहरा फिर अच्छे से साफ करने की आवश्यकता कम होती है। ध्यान रखें कि आपकी त्वचा ऑयल-फ्री होनी चाहिए।

### स्टेप 2: स्किन को पहले करें प्रेप

फाउंडेशन फ्लेकी या केकी दिखने का एक कारण यह है कि आप स्किन प्रेप में लापरवाही करती हैं। क्लींजिंग के बाद, त्वचा को मॉइश्चराइजर से मसाज करना सबसे ज्यादा जरूरी है। हैवी मैट




फाउंडेशन भी आपको एक सॉफ्ट और नेचुरल लुक दे सकता है, लेकिन जरूरी है कि आपकी त्वचा मॉइश्चराइज्ड और हाइड्रेटेड हो।

### स्टेप 3: सही फाउंडेशन चुनें और लगाएं

गलत शेड का फाउंडेशन केकी नहीं लगेगा, लेकिन यह आपके टोन एकदम डल या फिर बहुत ब्राइट कर देगा। ऐसा फाउंडेशन खरीदें जो क्रीमी, मीडियम-कवरेज वाला हो और आपकी त्वचा के प्रकार और रंग से मेल खाता हो। इसके बाद हथेली में 2 पंप फाउंडेशन के लेकर ब्रश से अपनी त्वचा पर डैब करें। अपने चेहरे के सेंटर से शुरुआत करें और बाहर की तरफ से इसे ब्लेंड करें।

## आपके लुक्स को खास बनाएंगे कुर्ती के साथ ये दुपट्टा डिजाइंस




किसी खास मौके पर अगर आप कुर्ती पहनना पसंद करती हैं तो ऐसे में इस लुक को आप अलग-अलग डिजाइंस के कलरफुल दुपट्टों के साथ कंप्लीट कर सकती हैं। इससे आपको बेहद आकर्षक लुक मिल सकता है। सूट के साथ दुपट्टे का सही चुनाव करना बहुत जरूरी है। अगर आप अपनी बॉडी टाइप और लेटेस्ट ट्रेंड के हिसाब से दुपट्टे को कुर्ती के साथ पहनेंगी, तो आपा एथनिक लुक और खास लगेगा। खास मौके पर कपड़ों का चुनाव करते वक्त भी ज्यादातर लड़कियां, अलग-अलग कलर्स को आउटफिट्स में उतारने की कोशिश करती हैं। ऐसे में यहां दुपट्टे के कुछ ऐसे डिजाइंस के बारे में जानिए जो काफी कलरफुल हैं, आपकी व्हाइट कुर्ती के साथ परफेक्टली मैच करेंगे और आपके एथनिक लुक को खास बनाएंगे।



### ग्रीन बांधनी दुपट्टा

अगर आप हैवी दुपट्टा लेना पसंद नहीं करती हैं, तो इस बांधनी दुपट्टे को पहन सकती हैं। यह लाइट वेट होता है और इसे कैरी करना भी आसान होता है। इसे आप ओरेंज और व्हाइट कुर्ती के साथ पहन सकती हैं। यह काफी अच्छी लगेगा। आपको इस तरह के दुपट्टे मार्केट में 200-500 रूपये में आसानी से मिल जाएंगे। वहीं, आप प्लेन दुपट्टे पर डाई भी करवा सकती हैं। इसमें आप अपनी पसंद की गोटापट्टी भी लगवा सकती हैं। स्टाइल टिप- इसके साथ आप सिल्वर ज्वैलरी पहन सकती हैं। सिल्वर झुमकी और चूड़ियों के साथ आप परफेक्ट लुक पा सकती हैं। इस लुक में आप मल्टीकलर चूड़ियां भी पहन सकती हैं।

### फुलकारी दुपट्टा

फुलकारी दुपट्टे, प्लेन कुर्ती के साथ बहुत अच्छे लगते हैं। आप व्हाइट स्लीवलेस कुर्ती के साथ इस दुपट्टे को पहन सकती हैं। अगर आपके कंधे चौड़े हैं तो आप फुल स्लीव्स भी पहन सकती हैं। फुलकारी में कई आकर्षक डिजाइंस एविलेवल होते हैं। यह दुपट्टे हैवी होते हैं और प्लेन कुर्ती के साथ आपको रॉयल लुक दे सकते हैं। स्टाइल टिप- इसके साथ आप मीनकारी झुमके और ट्राईकलर बैंगल्स पहन सकती हैं। साथ ही पोटली बैग के साथ अपने लुक को कंप्लीट करें।

## पहनें खास डिजाइन वाली पायल, पैर लगेंगे खूबसूरत

मौका फेस्टिवल सेलिब्रेशन का हो या फिर घरेलु शादी का, आपको चाहिए कुछ खास लुक। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने लिए कुछ अच्छी डिजाइन की पायल खरीदें ताकि पूरे लुक के साथ आपके आपके पैर भी सुंदर नजर आए। ऐसे में आपको कुछ ट्रेंडी डिजाइन के बारे में जानना चाहिए। इनको स्टाइल करके आपके पैर बेहद खूबसूरत नजर आएंगे।

### स्टोन स्टड पायल डिजाइन

अगर आप पायल में सिंपल डिजाइन चूज करना चाहती हैं तो ये ऑप्शन आपके लिए बेस्ट है। इसमें आप स्टोन स्टड वाले पायल डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की पायल एथनिक वियर के साथ काफी सुंदर लगती हैं। ये पायल दिखने में हैवी लगती है लेकिन पहनने में बिल्कुल लाइट होती है। इस तरीके के पायल डिजाइन आप खरीदकर इस रक्षा बंधन पर स्टाइल कर सकती हैं। इसी के साथ अपने पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।

### फ्लोरल पायल डिजाइन

ऐसा जरूरी नहीं की पायल सिर्फ चेन वाली हो। आजकल मार्केट में आपको थ्रेड वाली पायल (ट्रेंडी पायल डिजाइन) भी देखने



को मिल जाएंगी। इस तरीके के पायल डिजाइन लड़कियों के लिए बेस्ट होते हैं। इन्हें वो किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आपको छोटे-छोटे फ्लावर डिजाइन मिलेंगे साथ में छोटे बीड्स। इस तरीके की पायल को आपको चेन लगाकर पहनने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसे बिना चेन के स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके की पायल आपको 200 से 250 की रेंज में मिल जाएगी।

### एविल आई पायल डिजाइन

पायल में आजकल ट्रेंडी डिजाइन देखने को मिलते हैं आप भी इस तरीके के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। एविल आई पायल डिजाइन (सिंपल लुक के लिए मॉर्डन पायल डिजाइन) देखने में काफी अच्छा लगता है।

## डैमेज बालों को हेल्दी बनाने में मदद करेंगे ये घरेलू नुस्खे

बालों की देखभाल करने के लिए घरेलू चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि बाहर मिलने वाले प्रोडक्ट्स में कई तरह के केमिकल मौजूद होते हैं, जो बालों के लिए नुकसानदायक भी हो सकते हैं। खूबसूरत और घने बाल पाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं। इसके लिए हम आए दिन सैलून से कई तरह के ट्रीटमेंट भी करवाते हैं। बालों की देखभाल करने के लिए बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट्स की जगह नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। बता दें कि इसके लिए आप घर पर हेयर मास्क भी बना सकती हैं। हेयर मास्क आपके बालों की देक्भाल करने में मदद करेगा।

यह नेचुरल चीजें बालों को बिना नुकसान पहुंचाए हेल्दी बनाने में मदद करेगा। यह हेयर पैक आपके बालों को डैमेज होने से बचाने में मदद करेगा और मजबूत बनाएगा। यह बालों को स्मूथ और शाइनी बनाने में मदद करेगा। तो आइये बालों की सैलून स्टाइल ट्रीटमेंट करने के लिए जानते हैं कैसे बनाएं हेयर मास्क।

### डैमेज बालों की देखभाल कैसे करें?

डैमेज बालों की देखभाल करने के लिए एक अंडे को तोड़ कर बाउल में डालें। इसमें आप एक चम्मच कैस्टर ऑयल और एक नींबू का रस मिला लें।



साथ ही इसमें एक चम्मच ग्लिसरीन और इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इस हेयर मास्क को बालों की स्कैल्प से लेकर लेंथ तक में लगा लें। इसके बाद करीब 1 घंटे के बाद बालों को धो लें।

### बालों से इन्फेक्शन और रूसी हटाने के लिए क्या करें?

इसके लिए रात में मेथी के दाने को भिगो लें। भिगोने के बाद इसे सुबह के समय मिक्स करके बाउल में डालें। इस हेयर मास्क को ब्रश की मदद से बालों में लगा लें।

कार्नर न्यूज

### नई पीढ़ी के बीच चलन है जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग आज के दौर की जरूरत, स्टाइलिश और मिनिमल लुक के लिए अपना रही युवा पीढ़ी

आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक, अच्छी ड्रेसिंग से यही सब तो चाहिए होता है। आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद। जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए-

### सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन




खोले भी जा सकते हैं।

### जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज को पहचान लीजिए- सस्पेंडर, बेसबॉल कैप, स्कार्फ, बेल्ट, जैकेट के लिए पिन, टाई और सनग्लासेस शामिल हैं।

### ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

### डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था। ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।

